धनबाद, मंगलवार
05 मई 2026
वर्ष : 03 अंक : 214
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com


हिन्दी दैनिक समाचार

# सच पथ




# विधानसभा चुनावः बंगाल, असम, पुडुचेरी में कमल, तमिल में विजयरथ, केरल में कांग्रेस

## पश्चिम बंगाल





| 208 | 79 | 2 | 2 | 2 |
|---|---|---|---|---|
| बीजेपी+ | टीएमसी+ | कांग्रेस | वाम+ | अन्य |

| गठबंधन | 2026 | 2021 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| बीजेपी+ | 208 | 77 | +131 |
| टीएमसी+ | 79 | 214 | -135 |
| कांग्रेस | 2 | 0 | +2 |
| वाम+ | 2 | 1 | +1 |
| अन्य | 2 | 1 | +1 |
| प्रतीक्षित | 1 | | |

बंगाल के फाल्टा विधानसभा सीट पर फिर से होगी वोटिंग, 21 मई को मतदान, 24 मई को नतीजे


## तमिलनाडु




| 107 | 74 | 52 | 1 |
|---|---|---|---|
| टीवीके | डीएमके+ | एडीएमके+ | अन्य |

| गठबंधन | 2026 | 2021 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| टीवीके | 107 | 0 | +107 |
| डीएमके+ | 74 | 159 | -85 |
| एडीएमके+ | 52 | 75 | -23 |
| अन्य | 1 | 0 | +1 |
| प्रतीक्षित | 0 | | |


## केरल




| 89 | 35 | 3 | 13 |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | एलडीएफ | बीजेपी+ | अन्य |

| गठबंधन | 2026 | 2021 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 89 | 40 | +49 |
| एलडीएफ | 35 | 92 | -57 |
| बीजेपी+ | 3 | 0 | +3 |
| अन्य | 13 | 8 | +5 |
| प्रतीक्षित | 0 | | |


## असम




| 102 | 21 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|
| बीजेपी+ | कांग्रेस+ | एआईयूडीएफ+ | अन्य |

| गठबंधन | 2026 | 2021 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| बीजेपी+ | 102 | 73 | +29 |
| कांग्रेस+ | 21 | 31 | -10 |
| एआईयूडीएफ+ | 2 | 16 | -14 |
| अन्य | 1 | 6 | -5 |
| प्रतीक्षित | 0 | | |

## पुडुचेरी




| 18 | 6 | 3 | 3 |
|---|---|---|---|
| एनआरसी+ | कांग्रेस+ | टीवीके+ | अन्य |

| गठबंधन | 2026 | 2021 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| एनआरसी+ | 18 | 16 | +2 |
| कांग्रेस+ | 6 | 8 | -2 |
| टीवीके+ | 3 | 0 | +3 |
| अन्य | 3 | 6 | -3 |
| प्रतीक्षित | 0 | | |

नई दिल्ली, (एजेंसी) : पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल में बड़ा बहुमत प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही भाजपा के खाते में एक और राज्य जुड़ गया। असम और पुडुचेरी में भाजपा और एनडीए की सरकार दोबारा सत्ता में लौटी है। दक्षिण के दो बड़े राज्यों केरल और तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। केरल में वामदलों को हटा कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन 10 सालों बाद लौटा है। तमिलनाडु में एक साल पहले बनी एक्टर विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर रात्रि 8 बजे तक के आंकडे इस प्रकार हैं

पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल 293 सीटों पर बहुमत के लिए 147 सीटें चाहिए। भारतीय जनता पार्टी यहां 206, तृणमूल कांग्रेस 81, कांग्रेस 2, माकपा को एक और अन्य को एक सीट पर जीत या आगे चल रही है। भाजपा को 45.75 प्रतिशत, तृणमूल कांग्रेस को 40.82 प्रतिशत मत मिले हैं।

तमिलनाडु

तमिलनाडु में 234 सीटों में बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए। यहां टीवीके 106, द्रमुक 60 सीटें, अन्नाद्रमुक 47 सीटों, पीएमके 5, कांग्रेस 5 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा को एक सीट मिली है और अन्य पार्टियां 11 सीटें जीती या आगे चल रही है। टीवीके को 34.91 प्रतिशत, द्रमुक को 24.19 प्रतिशत, अन्नाद्रमुक को 21.32 प्रतिशत मत मिला है।

असम

असम में 126 सीटें हैं और बहुमत के लिए 64 सीटें चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 102 सीटों पर जीत या बढ़त हासिल है। इसमें भाजपा को 82 सीटें, बोडो पीपुल्स फ्रंट को 10 सीटें और असम गण परिषद को 10 सीटों पर जीत या बढ़ मिली है। वहीं कांग्रेस को 19 सीटें, एआईयूडीएफ को 2, रायजोर दल 2, तृणमूल कांग्रेस को 1 सीट पर जीत या बढ़त मिली है।

यहां सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को 37.91 प्रतिशत तथा सहयोगी पार्टियों बोडोलैंड को 3.74 प्रतिशत, एजीपी को 6.46 प्रतिशत मत मिले हैं। गठबंधन की दृष्टि से यह आंकड़ा 48 प्रतिशत से अधिक होता है।

केरल

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन 97 के आंकड़े तक पहुंचा है। इसमें कांग्रेस ने 63, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22, केरल कांग्रेस ने 7 सीटों, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने 3, राष्ट्रीय जनता दल ने 1 सीट और अन्य ने पर जीत या बढ़त बनाई है। वहीं वामदलों के नेतृत्व वाले गठबंधन को 36 सीटों पर बढ़त हासिल हुई है। गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 26, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 8, रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, कम्युनिस्ट मार्क्सिस्ट पार्टी केरल स्टेट कमेटी ने 1-1 सीटों पर जीत या बढ़त बनाई है। अन्य पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी को 3 और अन्य उम्मीदवार 4 पर आगे हैं।

पुडुचेरी

पुडुचेरी की 30 सीटों में बहुमत के लिए 16 का आंकड़ा चाहिए। यहां अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए कुल 18 जीत सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें पार्टी को 12, सहयोगी भारतीय जनता पार्टी को 4, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और लाचिया जननायक काची को 1-1 सीट पर जीत मिली है। वहीं अन्य पार्टियों की बात की जाए तो द्रमुक को 6, कांग्रेस को 1 सीट मिली है। टीवीके को 2, नेयम मक्कल कड़गम को 1 सीट पर सफलता मिली है। इसके अलावा 3 स्वतंत्र उम्मीदवार जीते हैं।

उपचुनाव

विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी भाजपा के पक्ष में आए हैं। पार्टी ने सात में से चार पर जीत दर्ज की है। एक सीट पर उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। कर्नाटक की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में महाराष्ट्र की बारामती सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुनेत्रा पवार बड़े अंतर से जीती हैं। राहुरी से भाजपा उम्मीदवार अक्षय कार्डिले, गुजरात के उमरेठ सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्षदभाई गोविंदभाई परमार ने जीत दर्ज की है। नगालैंड के कोरीडांग सीट पर भाजपा उम्मीदवार दाओचिर आई. इम्चेन, त्रिपुरा की धर्मनगर सीट पर भाजपा उम्मीदवार जहर चक्रवर्ती ने जीत दर्ज की है। वहीं कर्नाटक के बागलकोट सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार उमेश हुलप्पा ने जीत दर्ज की है, जबकि दावनगेरे दक्षिण सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार समर्थ शमनूर मल्लिकार्जुन ने जीत दर्ज की है।

# आज से बंगाल भयमुक्त हुआ और विकास के भरोसे से युक्त हुआ : मोदी

नयी दिल्ली, (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को राज्य की जनता की दशकों की प्रतीक्षा की पूर्ति बताते हुए सोमवार को कहा कि ₹आज से बंगाल भय से मुक्त हुआ ₹ राज्य अब विकास की राह पर आ गया है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में अब आयुष्मान कार्ड बंटेंगे और घुसपैठियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्री मोदी पांच विधान सभा चुनावों की मतगणना में तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम ओर पुडुचेरी में भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ऐतिहासिक सफलताओं पर पार्टी मुख्यालय पर शाम को आयोजित विजयोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तथा अमित शाह भी मंच पर उपस्थित थे।

पार्टी मुख्यालय पर उपस्थित खुशी और उत्साह से भरपूर कार्यकताओं और समर्थको संबोधित करते हुए श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल की जीत को देश भक्ति के गीत वंदे मातरम् के रचयिता ऋषि कवि बंकिमचंद चटोपाध्याय को समर्पित करते हुए कहा कि आज जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के पूरा होने का दिन है।

श्री मोदी ने डॉ मुखर्जी को याद करते हुए कहा, ' उन्होंने (डॉ मुखर्जी ने) जिस सशक्त और समृद्ध बंगाल का सपना देखा था, वो सपना कई दशकों से पूरा होने का इंतजार कर रहा था।आज 4 मई, 2026 को बंगाल की जनता ने हम भाजपा कार्यकताओं को वो अवसर दिया है।

श्री मोदी ने घोषणा की, ' बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया है। आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है और विकास के भरोसे से युक्त हुआ है। श्री मोदी ने राज्य की आगे की यात्रा में सभी दलों से सहयोग की भावना के साथ काम करने का आग्रह करते हुए कहा, ' आज जब बंगाल ने परिवर्तन के नए दौर में प्रवेश किया है, तो मैं बंगाल के हर राजनीतिक दल से एक आग्रह भी करना चाहता हूं, बंगाल में बीते दशकों में राजनीतिक हिंसा की वजह से न जाने कितनी जिंदगियां बर्बाद हो गईं। मेरा स्पष्ट मानना है कि आज से बंगाल की इन चुनावी आदतों में बदलाव आना चाहिए। श्री मोदी ने कहा, 'आज जब भाजपा जीती है, तो बदला नहीं, बदलाव की बात होनी चाहिए। भय नहीं, भविष्य की बात होनी चाहिए। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में इस बार के चुनाव को इस लिए भी बहुत खास बताया कि वहां इस बार चुनाव शांतिपूर्ण रहा तथा राज्य में पहली बार डर नहीं, लोकतंत्र जीता है। उन्होंने कहा, 'आप याद कीजिए, बंगाल चुनाव के समय कैसी खबरें आती थीं। हिंसा, डर और निर्दोष लोगों की मौतें। लेकिन इस बार पूरे देश ने एक नई खबर सुनी कि पश्चिम बंगाल में शान्तिपूर्ण मतदान हुआ। पहली बार ऐसा हुआ कि चुनावी हिंसा में एक भी निर्दोष नागरिक की जान नहीं गई।लोकतंत्र के इस महापर्व में बंदूक की आवाज नहीं, जनता-जनार्दन की आवाज गूंजी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अब 'भय नहीं, भविष्य की बात होनी चाहिए।'

# ऑपरेशन सिंदूर हमारी भारतीय सैन्य इतिहास का एक अद्वितीय अध्याय: रक्षामंत्री

**आज के जटिल और तेजी से बदलते परिवेश में आगे बढ़ने का मंत्र हैः अनुकूलनशीलता**



नई दिल्ली,(एजेंसी) : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सैन्य इतिहास का एक अद्वितीय अध्याय बताया है। ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूपी के प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस अभियान ने न केवल आतंकी समूहों और उनके आकाओं पर निर्णायक प्रहार किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की उन्नत सैन्य तकनीक का लोहा भी मनवाया। बता दें पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने धैर्य दिखाते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने में दक्षता दिखाई। इस अभियान ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की क्षमताओं का एहसास करा दिया। सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को जो सबक सिखाया उससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। अच्छी बात थी कि हमने धैर्य दिखाया और केवल आतंकवादियों को तबाह किया, अन्यथा, पूरी दुनिया जानती है कि हमारे सशस्त्र बल क्या करने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने इस अभियान को तकनीक के उपयोग का एक अनूठा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आकाश और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ कई नवीनतम उपकरणों का इस्तेमाल किया गया।उन्होंने कहा कि आज के जटिल और तेजी से बदलते परिवेश में आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है- अनुकूलनशीलता। बदलती परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने किसी भी संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती के लिए सक्रियता से तैयारी का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब मैं सक्रियता से तैयारी की बात कर रहा हूं, तो इसका एक और अहम पहलू है- हैरत में डालने वाला तत्व।

# उत्तर रेलवे ने उत्कृष्ट टिकट जांच स्टाफ को किया सम्मानित, राजस्व बढ़ाने में अहम योगदान

नई दिल्ली, (एजेंसी) : उत्तर रेलवे ने फरवरी और मार्च के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने टिकट जांच स्टाफ को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समारोह आयोजित किया। इस दौरान उन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राजस्व संग्रह बढ़ाने और बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।समारोह में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पांडेय ने चयनित अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने टिकट जांच स्टाफ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह न केवल वैध टिकट बिक्री को प्रोत्साहित करता है, बल्कि रेलवे व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है।स्काड श्रेणी में अंबाला मंडल के उप मुख्य टिकट निरीक्षक सुनील कुमार ने 20.91 लाख रुपए



मुरादाबाद मंडल के अंबुज चौहान ने 13.41 लाख रुपए और दिल्ली मंडल के राहुल सचदेवा ने 2.13 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व प्राप्ति कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।स्टेशन श्रेणी में मुरादाबाद मंडल के हरसहाय मीणा ने 25.17 लाख रुपए की राशि अर्जित की, जबकि मैनिंग श्रेणी में शैलेन्द्र कुमार ने 4.83 लाख रुपए का राजस्व संग्रह कर उत्कृष्ट कार्य किया।

# केरल में यूडीएफ की प्रचंड जीत पर कांग्रेस नेतृत्व ने जताया आभार, जनादेश को बताया वैचारिक संघर्ष की जीत

नई दिल्ली, (एजेंसी) : ।केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को मिले प्रचंड जनादेश के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने इसे जनता की जीत बताते हुए कार्यकताओं को बधाई दी और कहा कि यह परिणाम वैचारिक संघर्ष में जनता के भरोसे को दशार्ता है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा ने अलग-अलग एक्स पोस्ट में इस जनादेश को ऐतिहासिक बताते हुए भविष्य में जनहितकारी सरकार देने की प्रतिबद्धता जताई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चुनाव परिणाम मिश्रित रहे हैं, लेकिन पार्टी को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसकी लड़ाई वैचारिक है। इस मार्ग पर धैर्य, निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा सत्य, न्याय और समावेशिता के रास्ते पर चली है और आगे भी लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे निर्णायक जनादेश बताया। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के नेताओं और कार्यकताओं ने मजबूत और सुव्यवस्थित अभियान चलाया। केरल में प्रतिभा और



संभावनाएं मौजूद हैं और अब एक ऐसी सरकार बनी है जो इन दोनों का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही केरल का दौरा करेंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस जनादेश को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को 102 सीटों के साथ बड़ी जीत मिली है। उन्होंने कहा कि यह आम लोगों की जीत है, जिसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के सभी वर्गों ने एकजुट होकर समर्थन दिया है। यह परिणाम पारंपरिक राजनीतिक समीकरणों को तोड़ते हुए आया है और राज्य में एक नई दिशा का संकेत देता है। वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयास से यह सफलता मिली है और अब जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी केरल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह विश्वास आने वाले पांच वर्षों में सरकार के कामकाज की दिशा तय करेगा। पार्टी ईमानदारी और विनम्रता के साथ अपने वादों को पूरा करने का प्रयास करेगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आया कंटेनर, शॉर्ट सर्किट से जलकर राख



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुश्चिरा पेट्रोल पंप के पास सोमवार को डाक पार्सल ले जा रहे कंटेनर वाहन में अचानक आग लग गई।आग इतनी भीषण थी कि वाहन का केबिन और आगे के दोनों टायर जलकर पूरी तरह राख हो गए।चालक आनंद कुमार ने बताया कि वह सड़क किनारे वाहन खड़ा कर टायर में फंसी गिट्टी निकाल रहे थे।इसी दौरान पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार की अर्थिंग वाहन के संपर्क में आ गई।इससे अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और वाहन से धुआं निकलने के बाद आग लग गई।देखते ही देखते आग ने पूरे कंटेनर को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन पूरी तरह जल गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बीजीआर कंपनी के पेट्रोलिंग मैनेजर मनोज चांद और थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत की मदद से पानी टैंकर मंगाकर आग पर काबू पाया।हालांकि तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था।चालक ने बताया कि वह रांची से सिलीगुड़ी की ओर बिस्कुट, केक और चॉकलेट सहित अन्य पार्सल सामान लेकर जा रहे थे।इसी दौरान यह हादसा हो गया।

## ट्रक ने बाइक की मारी टक्कर, एक की मौत,दूसरा घायल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गिरिडीह : सोमवार की दोपहर गिरिडीह जामताड़ा मुख्य मार्ग पर गांडेय थाना क्षेत्र के मंझला डीह के पास एक ट्रक व बाइक की टक्कर हो गई।इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक की पहचान डुमरी थाना क्षेत्र के भुर कुंडी निवासी 20 वर्षीय गणेश टुडू के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के भुर कुंडी निवासी 20 वर्षीय गणेश टुडू अपने एक दोस्त लखन बास्के (19 वर्ष) के साथ बाइक संख्या जेएच 11 ए टी 4688 से किसी कार्य को ले गांडेय की ओर आया था और सोमवार की दोपहर वापस जा रहा था।इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 37 ई 3925 ने उसे टक्कर मार दी।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया।इधर ग्रामीणों ने आनन फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गांडेय लाया गया जहां चिकित्सकों ने गणेश टुडू को मृत घोषित कर दिया।वहीं गंभीर रूप से घायल लखन बास्के को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया।वहीं पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## सरायकेला जेल में बंद चर्चित ड्रग माफिया डोली परवीन जमानत खारिज

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम : जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडे के कोर्ट ने सोमवार को उलीडीह थाना में दर्ज ब्राउन शुगर के साथ पकड़े जाने के एक वर्ष पुराने एनडीपीएस एक्ट में दर्ज केस में सरायकेला जेल में बंद चर्चित ड्रग माफिया डोली परवीन जमानत खारिज की। मालूम आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती के रहने वाली डाली के पति ड्रग माफिया सलाउद्दीन(अब मृत) के बाद जमशेदपुर समेत कोल्हान में डोली परवीन ड्रग के अवैध कारोबार संचालन वर्षों से कर रही है। डोली पर ब्राउन शुगर अवैध धंधे के दर्जनों केस जमशेदपुर के विभिन्न थाना जुगसलाई,बागबेडा, टाटानगर रेल थाना,आदित्यपुर, सरायकेला समेत कोल्हान के कई थानों में दर्ज हैं।

## नक्सलियों के पुनर्वास के लिए सरकार प्रतिबद्धः एसपी



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहार : जिला समाहरणालय के पुलिस मुख्यालय के सभागार में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सली और उसके परिवार को मिलने वाले देय लाभ एवं उनकी समस्याओं का निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि नक्सलियो के पुर्नवास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।उन्होने कहा कि सरकार की नयी दिशा आत्मसमपर्ण नीति के तहत आत्मसपमर्ण कर चुके नक्सली व उनके परिजनों को सरेंडर पॉलिसी का लाभ मिल रहा है।उन्होने आगे बताया सरकारी नई दिशा आत्मसमपर्ण नीति से प्रभावित हो कर लातेहार जिले के 51 नक्सलियों ने आत्मसमपर्ण कर दिया है।आसपास के जिलों के नक्सलियों ने भी सरेंडर किया है।उन्होने बताया कि इस बैठक में 16 आत्मसमपर्ण कर चुके नक्सली व उनके परिजनों ने भाग लिया है।बैठक में आत्मसमपर्ण कर चुके नक्सली व उनके परिजनों को दिये जाने वाले लाभों की चर्चा की गयी।एसपी ने बताया कि उन्हें कई लाभ दे दिये गये हैं और जो लाभ अभी तक नहीं दिये जा सके हैं, उन्हें शीघ्र ही दे दिया जायेगा।उन्होने बताया कि इसके लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में बैठक कर आत्मसमपर्ण कर चुके नक्सली व उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानने व समझने का प्रयास किया गया।बैठक में एसडीपीओ अरविंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी नंद कुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, कृष्णपाल सिंह पवैया, प्रभात कुमार दास, शशि कुमार समेत पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की प्रतिक्रिया,

# यह जीत केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : पश्चिम बंगाल के विस चुनाव में भाजपा के स्टार कैंपेनर रहे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने विस चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।अर्जुन मुंडा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत मात्र एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की अटूट भावना का जीवंत प्रतीक है। 2021 के चुनावों के दौरान कार्यकताओं ने जिस अदम्य साहस, धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ हर चुनौती का सामना किया, वही आज इस परिवर्तन की मजबूत नींव बनकर सामने आया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, गृहमंत्री



अमित शाह की सशक्त रणनीति और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अथक परिश्रम ने इस जनआंदोलन को नई दिशा प्रदान की। इस अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता ने गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचकर राष्ट्रहित की भावना को जन-जन तक पहुंचाया, जो इस सफलता का मूल आधार बना। पश्चिम बंगाल, जो सदैव बलिदान, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की भूमि रही है, जहां असंख्य वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, आज फिर उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक नए युग की ओर अग्रसर है। यह विजय उन सभी कर्मठ कार्यकताओं और समर्पित समर्थकों को समर्पित है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र को सर्वोपरि रखा और कभी हार नहीं मानी। साथ ही, असम और पुडुचेरी की जनता द्वारा भारतीय जनता पार्टी को पुनः जनादेश देना लोकतंत्र में विश्वास और विकास की राजनीति पर मुहर है। वहां के सभी कार्यकताओं और नागरिकों को इस ऐतिहासिक विश्वास के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह जीत केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि एक संकल्प है, एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का।

## डीसी ने जिला सामान्य शाखा की बैठक की



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय में जिला सामान्य शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान विभिन्न लंबित मामलों, प्रशासनिक कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।उपायुक्त श्री शेखावत ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया।बैठक में गृह विभाग के संकल्प के आलोक में आत्मसमर्पित नक्सलियों को दिए जाने वाले विभिन्न लाभों की भी समीक्षा की गई।इस दौरान कुल 13 आत्मसमर्पित नक्सलियों को अबतक दिए गए राशि एवं शेष दिए जाने वाली राशि पर भी चर्चा किया गया।इसमें पुनर्वास अनुदान, पुरस्कार राशि, आवास, प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सही समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।इसके अलावे शस्त्र विस्फोटक, झारखंड वनांचल आंदोलनकारी का पेंशन,संवेदक का चरित्र प्रमाण पत्र,लोकायुक्त से संबंधित मामले,जिला गजट, गृह रक्षक से संबंधित सत्यापन कार्य आदि से जुड़े विषयों पर उपायुक्त द्वारा जानकारी ली गयी।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी,सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सामान्य शाखा प्रभारी प्रीति किस्कू समेत अन्य मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने गए वनकर्मी पर लोगो ने किया पत्थरबाजी,दो को जेल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

चतरा : प्रतापपुर वन क्षेत्र के गड़गोरिया गांव में वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने पर लोगो ने वनकर्मियो पर पत्थरबाजी किया है। इस पत्थर बाजी में वनकर्मी को चोटे आयी है हालांकि वनकर्मी में कठोर कारवाई करते हुए दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक डुमरवार के छोटु भुईया एवं चरका के कृष्ण भुईया है दोनो को वनकर्मी ने मेडिकल जांच के बाद सोमवार को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में वनकर्मी ने बताया की वनक्षेत्र से गड़गोरिया में वनभूमी पर अवैध रूप से घर बनाकर कब्जा कर रहे थे। सूचना मिलने पर वनकर्मी अरविन्द कुमार,नीरज कुमार व रंजीत कुमार स्थल गये।जिसके बाद घर बना रहे लोगो को रोकने लगे।तभी उक्त गिरफ्तार लोगो ने वनकर्मी पर पत्थर चलाना शुरू कर दिया।हालांकि इस घटना में वनकर्मी को मामूली चोटे आयी है।इधर आरोपी पक्ष का कहा की वनभूमी पर काफी संख्या में लोग घर बनाकर अतिक्रमण किया है।

## तीनों राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपा ने मनाया जीत का जश्न, बांटी झालमुड़ी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

साहिबगंज : भाजपा के तीन राज्य असम,पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में प्रचंड जीत पर भाजपा साहिबगंज जिला कमेटी की ओर से सोमवार को जिला अध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद चौक पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को गुलाल,अबीर लगाकर झालमुड़ी खिलाकर जीत की बधाई दी। वहीं जीत पर नारे लगाए व पटाखा छोड़े,भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने कहा कि तीनों राज्यों में प्रचंड जीत वहां की जनता के साथ भाजपा के कार्यकर्ता की जीत है, जनता ने जो भाजपा पर भरोसा जताया है।तीनों राज्य में सुशासन की सरकार होगी।इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी धर्मेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष विनोद चौधरी, रामानंद साह, कुमारी गरिमा, संजीव पासवान, प्रशांत शेखर, सिकंदर पोद्दार, संतोष चौधरी, गौतम पंडित, अवधेश यादव, लोकनाथ चौधरी, गोपाल मोदी, बासुकिनाथ साह, अरविंद कुमार, बबलू तिवारी, संगीता सिन्हा, विक्रम दास, चंद्रभान शर्मा, चांदनी देवी, रिमझिम कुमारी, मंजू पटवार, सोनी कुमारी, अन्नू कुमारी, सरिता देवी, किरण कसेरा, अर्धेंदु बोस सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता

## पंचायतों में रखे जायेंगे सहायक सचिव, निदेशक ने जारी किया निर्देश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) झारखंड नियमावली, 2025 (पेसा) के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने राज्य के 16 अनुसूचित जिलों के जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि पेसा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम सभा को प्रशासनिक और वित्तीय रूप से सक्रिय बनाया जाए। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में सहायक सचिव का चयन किया जायेगा।इसके लिए प्रत्येक पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। पेसा नियमावली की कंडिका-13 के अनुसार प्रत्येक ग्राम सभा अपने सदस्यों में से एक सहायक सचिव का चुनाव होगा।जारी निर्देश में कहा गया है कि ग्राम सभा के कार्यों के लिए गांव में ही खाली या अनुपयोगी सरकारी भवन का चयन किया जायेगा। ग्राम सभा के नाम से बैंक या पोस्ट ऑफिस में खाता खोलने का निर्णय लिया जाएगा, ताकि वित्तीय स्वायत्तता सुनिश्चित हो सके।नई नियमावली के तहत प्रत्येक ग्राम सभा एक ग्राम कोष स्थापित कर सकेगी, जो चार भागों में विभाजित



होगा। ग्राम सभा के बैंक खाते का संचालन तीन सदस्यों (अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष) द्वारा किया जाएगा।जिनमें कम से कम एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य है।ग्राम पंचायत में अपने सदस्यों के बीच से ही सहायक सचिव चुने जायेंगे।ग्राम सभा अपनी आवश्यकता के अनुसार सहायक सचिव के कार्यों का निर्धारण कर सकेगा।इनकी नियुक्ति एक साल के लिए होगा।इनका कार्यकाल बढ़ाया भी जा सकता है।नियुक्ति में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। ग्राम सभा के बहुमत से सहायक सचिव को हटाया या बदला जा सकता है।खाद्यान्न संग्रह के लिए एक अन्न कोष का गठन होगा। सामुदायिक कार्यों हेतु श्रमदान का रिकॉर्ड रखने के लिए श्रम कोष होगा।सामुदायिक संपत्तियों और उपकरणों का लेखा-जोखा रखने के लिए एक वस्तु कोष होगा।एक नकद कोष का भी गठन होगा। इसमें दान, दंड शुल्क, लघु वन उपज से प्राप्त रॉयल्टी और बालू घाट जैसे स्रोतों से प्राप्त आय जमा की जायेगी।पेसा नियमावली 2025 ग्राम सभाओं को व्यापक अधिकार प्रदान करती है।लघु वन उपज, लघु खनिज (जैसे बालू घाट) और लघु जल निकायों के प्रबंधन का अधिकार अब ग्राम सभा के पास होगा।ग्राम सभा पारंपरिक रीति-रिवाजों के आधार पर स्थानीय विवादों और भारतीय न्याय संहिता की कुछ धाराओं के तहत मामलों की सुनवाई कर सकेगी। गांव से बाहर काम करने जाने वाले श्रमिकों (विशेषकर महिलाओं और बच्चों) का निबंधन ग्राम सभा के पास अनिवार्य होगा।

## पेयजल संकट को लेकर एनएच 343 तीन घंटे जाम,बारिश में भी डटी रहीं महिलाएं

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गढ़वा : रंका थाना मोड़ के समीप पेयजल की घोर किल्लत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को एनएच 343 (गढ़वा-अंबिकापुर मुख्य पथ) को करीब तीन घंटे तक जाम रखा। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। खास बात यह रही कि क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के बावजूद प्रदर्शनकारी महिलाएं सड़क से नहीं हटीं और पानी में भींगते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करती रहीं।जाम के दौरान कई यात्री बसें और स्कूली वाहन भी फंस गए। प्रदर्शनकारियों ने स्कूली बसों को भी रास्ता नहीं दिया, जिससे बस में सवार छोटे बच्चों के बीच अफरातफरी का माहौल बना रहा।यात्री भी घंटों भीषण गर्मी और उमस के बीच फंसे रहे।जाम का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद कुर्बान और मोहम्मद औरंगजेब ने



बताया कि थाना मोड़ स्थित बुनियादी विद्यालय के पास लगा जलापूर्ति मोटर पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है।इसके चलते इलाके की पेयजलापूर्ति पूरी तरह ठप है।महिलाओं ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि थाना मोड़ के पास एक भी चापाकल नहीं है।उन्हें आधा किलोमीटर दूर पाल्हे या बौली कुआं से पानी ढोकर लाना पड़ता है।वर्तमान में जलस्तर नीचे चले जाने से कुआं और चापाकल भी जवाब दे रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार मुखिया और बीडीओ से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।जाम की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम, थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी और मुखिया रंजीत कुमार सोनी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को काफी समझा-बुझाकर और शीघ्र मोटर मरम्मत का आश्वासन देकर तीन घंटे बाद जाम हटवाया।इसके बाद वाहनों का परिचालन सामान्य हो सका। हालांकि, ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर जलापूर्ति बहाल नहीं हुई, तो वे पुनः अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने को बाध्य होंगे।विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में स्थानीय महिला-पुरुष शामिल थे, जो हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रशासन के खिलाफ विरोध जता रहे थे।

## जनगणना में सरना धर्म कोडः झारखंड सीएम की प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति से अपील

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची, : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि आगामी जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदायों के लिए एक अलग सरना धर्म कोड शामिल करे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की विशिष्ट पहचान सुनिश्चित करने और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए यह कोड जरुरी है। सीएम सोरेन ने अपने पत्रों में बताया कि 2011 की जनगणना में अलग श्रेणी न होने के बावजूद, देश के 21 राज्यों में करीब 50 लाख लोगों ने खुद को ह्यसरनाह्ल के रूप में दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय का सरना धर्म से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, जिसकी अपनी विशिष्ट परंपराएँ हैं, जिसमें प्रकृति की पूजा और ग्राम देवताओं की आराधना प्रमुख है।मुख्यमंत्री सोरोन ने उम्मीद जाहिर कि केंद्र राज्य की आकांक्षाओं, झारखंड विधानसभा के 2020 में पारित प्रस्ताव और पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को ध्यान में रखकर विशेष अनुरोध पर गंभीरता से विचार करेगी। सीएम सोरेन ने तर्क दिया कि सरना धर्म को जनगणना डेटा में उचित मान्यता मिलने से आदिवासी समुदायों के लिए कल्याणकारी नीतियां बनाने और उनके संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि नई श्रेणियां जोड़ने से जनगणना का काम थोड़ा जटिल हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक लाभ संभावित चुनौतियों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।मुख्यमंत्री सोरेन ने पहले प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक अन्य पत्र में चिंता व्यक्त की थी कि पिछले आठ दशकों में झारखंड में आदिवासियों की आबादी 38 से घटकर 26 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि जब कुछ संगठन समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की मांग उठा रहे हैं, इसके बाद आदिवासी/सरना समुदाय की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उनकी इस मांग पर सकारात्मक पहल करना आवश्यक है।

## चतरा उपायुक्त के नाम पर फर्जी फेसबुक आईडी का खुलासा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

चतरा : चतरा जिला प्रशासन के संज्ञान में एक गंभीर मामला आया है, जिसमें उपायुक्त रवि आनंद के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनके फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रशासन ने तत्काल स्पष्ट किया है कि यह आईडी पूरी तरह फर्जी है और इसका उपायुक्त या जिला प्रशासन से कोई संबंध नहीं है। इसे साइबर अपराध की श्रेणी में बताते हुए कहा गया कि ऐसे कृत्य न केवल भ्रामक हैं, बल्कि आमजनों को ठगी का शिकार बनाने की साजिश भी हो सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखकर साइबर सेल और संबंधित इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को सूचित कर दिया गया है ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। उपायुक्त रवि आनंद ने स्वयं आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर कई फर्जी प्रोफाइल लोगों का विश्वास जीतकर उन्हें गुमराह करते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध अकाउंट पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांचें।

## झारखंड सचिवालय सेवा संघ का सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, मंत्रियों व कार्मिक सचिव को लिखा पत्र

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड सचिवालय सेवा संघ (जेएसएसए) ने राज्य सरकार के रवैये पर गहरी नाराजगी जतायी है।संघ ने मंत्रियों और कार्मिक विभाग के सचिव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि वार्ता में बनी सहमतियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है।संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार और महासचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि 28 अप्रैल 2026 को मंत्री सुदिव्य कुमार व इरफान अंसारी की मौजूदगी में कार्मिक सचिव के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई थी।जिसमें सचिवालय सेवा संवर्ग की समीक्षा सहित कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी. इसके बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक सहमति पत्र या कार्यवाही विवरण जारी नहीं किया गया है।संघ ने सचिवालय सेवा संवर्ग की समीक्षा के लिए गठित समिति के टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर भी सवाल उठाया है। संघ का कहना है कि बैठक में केंद्रीय सचिवालय और झारखंड सचिवालय के पदों की तुलनात्मक समीक्षा तथा समिति की रिपोर्ट को परामर्शदात्री रखने पर सहमति बनी थी, लेकिन विभागीय आदेश में इसे शामिल नहीं किया गया। संघ ने विभागीय आदेश की वैधता पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा है कि इसे मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त नहीं है। जबकि पूर्व का आदेश मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद जारी हुआ था। संघ ने मांग की है कि 28 अप्रैल की वार्ता के अनुरूप कार्यवाही की प्रति उपलब्ध करायी जाये।समिति के कार्यक्षेत्र में तुलनात्मक समीक्षा जोड़ी जाये। संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराये जायें और एक पदाधिकारी नामित किया जाये ताकि दस्तावेज प्राप्त करने में सुविधा हो। संघ ने कहा है कि आदेशों में विसंगतियों के कारण समिति के सदस्यों को अपना पक्ष रखने में कठिनाई हो रही है। संघ द्वारा मंत्रियों से हस्तक्षेप कर कार्मिक विभाग को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है।

ट्रूथ पर्थ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580
संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

# बाघमारा सीएचसी में लापरवाही का आरोप, ऑक्सीजन की कमी से नवजात की मौत, परिजनों का भारी हंगामा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद जिले के बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को इलाज में लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। यहां प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।निश्चितपुर पंचायत के खोनाठी निवासी ठाकुर महतो उर्फ लखन की पत्नी सरस्वती देवी को प्रसव के लिए बाघमारा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। यह सरस्वती देवी की पहली डिलीवरी थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने के कारण





नवजात बच्ची की मौत हो गई।बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि अगर समय पर ऑक्सीजन मिल जाती, तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी।हंगामे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रीनाथ ने तुरंत इसकी सूचना बाघमारा पुलिस को दी। डॉ. श्रीनाथ ने अपने पक्ष में कहा कि प्रसूता की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई थी। चिकित्सा टीम ने अपनी ओर से पूरा प्रयास किय। सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को उचित जांच का आश्वासन दिया और काफी मशक्कत के बाद उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

## रिटायर शिक्षक के घर लाखों की चोरी, गहने-नकदी के साथ कार भी ले उड़े चोर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद के भूली थाना क्षेत्र से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यहां भूली बस्ती स्थित हड़कू भट्ठा के पास रहने वाले एक रिटायर शिक्षक के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह है कि चोर घर से गहने और नकदी के साथ-साथ कार भी ले उड़े।बताया जा रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक अशोक श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ इलाज के लिए पुणे गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाया।सोमवार सुबह जब पड़ोसियों ने घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला गायब देखा तो उन्हें लगा कि परिवार वापस लौट आया है। लेकिन दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर जब अंदर झांका गया तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ। चोरों ने घर के अंदर रखी तीन अलमारियां और दो ट्रंक को पूरी तरह खंगाल दिया और सभी कीमती सामान चुरा लिए।गृहस्वामी के अनुसार चोर करीब 8 लाख रुपये के सोने के जेवर, आधा किलो चांदी के जेवर, करीब 15 हजार रुपये नकद समेत अन्य सामान ले गए। इतना ही नहीं, चोर घर के गैरेज में खड़ी हुंडई आई टेन कार (संख्या जेएच10ऐसी7324) भी लेकर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## जेलगोरा में भीषण सड़क हादसा, एक महिला की मौत, पांच घायल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोरा में सोमवार तड़के करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान 65 वर्षीय राजमणि देवी के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार, सभी लोग अमलाबाद से धनबाद रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे। उन्हें गया में एक शादी समारोह में शामिल होना था। परिवार के सदस्य टेम्पो में सवार होकर धनबाद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही टेम्पो जेलगोरा के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टेलर को पाथरडीह क्षेत्र से जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने जेलगोरा-धनबाद मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## धनबाद में गैस एजेंसियों की मनमानी जारी, डीएसी कोड और बुकिंग गड़बड़ी से उपभोक्ता परेशान

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : जिले में गैस एजेंसियों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। हालांकि कुछ एजेंसियों ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार किया है, लेकिन कई जगहों पर अब भी उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ताजा मामला हाउसिंग कॉलोनी स्थित इंडेन गैस एजेंसी ह्लश्री विग्नेशह्व से जुड़ा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें गलत जानकारी देकर बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाने पर मजबूर किया जा रहा है। कई मामलों में गैस बुकिंग को बिना स्पष्ट कारण के रद्द बता दिया जाता है, जबकि कभी डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) के नाम पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जाती है।गौरतलब है कि डीएसी कोड गैस सिलेंडर की डिलीवरी के समय सत्यापन के लिए आवश्यक होता है, लेकिन तकनीकी खामियों या एजेंसी स्तर की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाई झेलनी पड़ रही है। पीड़ितों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं मिलता, जिससे उनका समय और पैसा दोनों व्यर्थ हो रहा है।इंडेन गैस उपभोक्ताओं के लिए 1800-2333-555 टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है। इसके बावजूद सवाल उठ रहा है कि प्रशासनिक सख्ती के बाद भी एजेंसियों की मनमानी क्यों जारी है। अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## तीन राज्यों की जीत भाजपा के लिए ऐतिहासिकः राज सिन्हा



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः पश्चिम बंगाल, असाम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा ने खुशी जाहिर की है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में भव्य जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के साथ स्वयं ढोल बजाकर उत्सव का आनंद लिया तथा सभी कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर आजादी के बाद पहली बार इस प्रकार कमल का पूर्ण रूप से खिलना ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के इस महत्वपूर्ण समय में यह विजय एक नई वैचारिक ऊर्जा और जनसमर्थन का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति बंगाल की जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और उनके सशक्त नेतृत्व की स्वीकृति है। जनता ने ह्लविकसित भारतह्व के संकल्प और केंद्र सरकार के प्रभावी कार्यों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को स्पष्ट समर्थन दिया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलना केवल राज्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका व्यापक और सकारात्मक प्रभाव झारखंड सहित पूरे देश में देखने को मिलेगा। यह जनादेश सुशासन, विकास और स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और विश्वास का संचार होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से तमाल राय, निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, आनंद कुमार, प्रमोद मंडल, अमित सिंह, राजीव राय भट्ट, मनोज मालाकार,अनिल सिन्हा , विकास सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे और सभी ने उत्साहपूर्वक इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया।

## धनबाद पुलिस ने शुरू की तीन दिवसीय ड्रोन कार्यशाला, आधुनिक तकनीक से मजबूत होगी पुलिसिंग

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : जिले में पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तीन दिवसीय ड्रोन कार्यशाला का आयोजन किया है। इस कार्यशाला के माध्यम से पुलिस कर्मियों को ड्रोन कैमरा संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे अपराध नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था को और सशक्त बनाया जा सके।इस संबंध में एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि सभी पुलिसकर्मियों को चरणबद्ध तरीके से ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका त्वरित और प्रभावी उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस लगातार नई तकनीकों को अपनाकर



अपने कार्यों को बेहतर बना रही है, जिसका सकारात्मक असर अपराध के आंकड़ों में कमी के रूप में देखने को मिला है।एसएसपी ने आगे बताया कि जिले के सभी थानों को दोपहिया और चारपहिया वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, साथ ही नए कंप्यूटर सिस्टम भी लगाए गए हैं, जिससे पुलिसिंग को डिजिटल और तेज बनाया जा सके।उन्होंने ड्रोन तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान निगरानी में ड्रोन बेहद उपयोगी साबित होता है। इसके अलावा ऊंची इमारतों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संकरी गलियों में भी ड्रोन के जरिए आसानी से निगरानी की जा सकती है।पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से न केवल कानून-व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि भविष्य में अपराध नियंत्रण में भी बड़ी मदद मिलेगी।

## तीन राज्यों में भाजपा के जीत सुनिश्चित को लेकर निकाली गई विजय जुलूस




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः भारतीय जनता पार्टी का पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सुनिश्चित जीत पर सोमवार झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव की अध्यक्षता में विजय जुलूस निकाली गयी। चार नंबर बस स्टैंड होते हुए बाटा मोड़, सब्जी पट्टी, सोना पट्टी, बोरा पट्टी, धर्मशाला रोड नगर भ्रमण किया। जीत कि खुशी में पटाखा फोड़ा गया मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु त्रिपाठी, अरुण साहू, दिलीप भारती, अरुण गोस्वामी , राज माली,सुनील साहू, संजू वर्मा, मनोज प्रसाद, सुषमा गुप्ता ,अमित साहू, अजय वर्मा, बंटी जायसवाल, मंटु राम, प्रीतम शर्मा,सुदेश शर्मा, शत्रुघ्न मालाकार, रणवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## जिएलगोरा में टेलर ने टेम्पो को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, 6 घायल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः :थाना क्षेत्र के जिएलगोरा में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। हादसे में 60 वर्षीय राजमणि देवी की मौत हो गई। वहीं घायलों में कृष्ण कुमार की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है, जबकि परमेश्वर ठाकुर और दो वर्षीय गुड़िया सहित अन्य लोग घायल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को धनबाद पीएमसीएच अस्पताल भेज दिया है जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार अमलाबाद से धनबाद स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए टेम्पो संख्या जेएच 10 बीआर 2490 में सवार होकर जा रहा था। जैसे ही टेम्पो जिएलगोरा के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेलर संख्या एचआर 73 सी 7631 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो दो हिस्सों में कटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान टाटा अस्पताल में एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस के द्वारा पीएमसीएच अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद भागते हुए टेलर को पुलिस ने पाथरडीह से अपने कब्जे में ले लिया है। टेलर चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ अपने हिरासत में लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने जेलगोरा धनबाद मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## मजदूरों को दी गई सरकारी योजना व कानूनों की जानकारी

### पूरे जिले में चल रहा है जनजागरूकता अभियान न्यायाधीश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम के तहत अधिकार मित्र पंकज कुमार वर्मा ,फूलचांद महतो, पूनम हेंब्रमश्याम कुमार झा ,चिरंजीत तिवारी ,विशाल यादव ,भोलानाथ धीवर के द्वारा निरसा प्रखंड के बेलकूपा पंचायत के भातुडीह गांव में राष्ट्रीय मजदूर दिवस के तहत विधिक जागरूकता शिविर लगाकर ग्रामीणों व ऑर्गनाइज्ड सेक्टर के मजदूरों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं, वह कानून की जानकारी दी गई। इस विषय में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि डालसा की टीम ने लोगों




को श्रम विभाग द्वारा बनने वाले कार्ड उसके लाभ की जानकारी दी गई। इसके अलावा आशा योजना के तहत बाल विवाह रोकने के संबंध मे,जागृति योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर लगाने के तरीके ।संवाद योजना के तहत अनुसुचित जनजातीय को कानूनी सहायता मुहैया करवाना तथा खानाबदोश आदिवासी घुमंतू भोटिया जैसे बंजारन नट जो एक जगह से दूसरी जगह प्रस्थान करते रहते हैं वैसे लोगों को समाज से जोड़ना तथा स्पॉन्सरशिप के बारे में ,दिव्यांग प्रमाण पत्र के विषय में ,इसके साथ ही प्रखंड स्तरीय जनकल्याणकारी योजनाओं के , निशुल्क अधिवक्ता के , विधिक सहायता केंद्र, लोक अदालत नेशनल लोक अदालत के ,तथा मजदूर दिवस के तहत अनेकों जानकारियां दी गई।

## डीसी व एसएसपी ने सदर अस्पताल रजिस्ट्रेशन परिसर का किया उद्घाटन






ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः डीसी आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार ने सोमवार को सदर अस्पताल में नवनिर्मित रजिस्ट्रेशन परिसर का उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद डीसी - एसएसपी त ने काउंटर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। नए परिसर में महिला, पुरुष के अलावा सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं। वहीं मीडिया से बात करते हुए डीसी ने कहा कि सदर अस्पताल का निरंतर अपग्रेडेशन हो रहा है। मरीजों को एक्स-रे के अलावा अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। परिसर में आईसीयू बनाया जाएगा। मरीज के साथ आने वाले परिजनों के लिए सीटिंग एरिया, विशाल पार्किंग, एंबुलेंस की सरलता से आवाजाही के लिए प्रवेश के पहले बैरिकेडिंग कर वाहनों के प्रवेश की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प असेसमेंट के तहत सदर अस्पताल की सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। इससे मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा। सदर अस्पताल मेडिकल कॉलेज को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर विकसित किया जाएगा। वर्तमान में अस्पताल 100 बेड पर संचालित हो रहा है, जिसे बढ़ाकर 400 से अधिक बेड का किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण सदर अस्पताल परिसर में किया जाएगा। उन्होंने मेडिकल रिकॉर्ड रूम, एक्स-रे रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, मुख्य बिल्डिंग में बन रहे नए µलोर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## झरिया में विद्युत संकट को लेकर धनबाद सांसद के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत जीएम से की वार्ता

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः अनियमित विद्युत आपूर्ति और झरिया में व्याप्त विद्युत संकट पर संज्ञान लेते हुए सांसद ढुल्लू महतो के निर्देश पर सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा के साथ मिलकर वार्ता की। वार्ता में विद्युत विभाग के एसईएस के कश्यप , डीजी एम रस्तोगी एवं विभिन्न क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।वहीं प्रतिनिधियों में धनबाद जिला सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव, कैलाश गुप्ता, झरिया नगर निगम प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद, मनोज साव, शिवराज साहू, भाजपा बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष रवानी, रंजन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।सभी प्रतिनिधियों ने वर्तमान विद्युत आपूर्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आक्रोश जताया और निम्नांकित बिंदुओं पर वार्ता किया। जिसमें क्षमता के अनुसार भार को बांटते हुए नए ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन करने, झरिया बाजार के सभी पोल में मकड़ जाल के तरह तार फैला हुआ है उसे व्यवस्थित करने, झरिया में सभी आरएमयु स्वीच को मरम्मत करवाने, उपभोक्ताओं के आवेदन निष्पादित करने की समय सीमा निर्धारित करने, जनता की समस्या के लिए नियमित शिविर लगाने,झरिया के भागा में नई विद्युत सब स्टेशन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने, झरिया एसडीओ के कार्य प्रणाली जो उपभोक्ता के साथ ठीक नहीं है उसे सुधार करने,विद्युत विभाग द्वारा अधिकृत तोसा इंटरनेशनल प्राइवेट कंपनी में कार्यरत मैंडेजकर्मी का अक्टूबर 2025 में ही दुर्घटना में दोनों हाथ निष्क्रिय होने के उपरांत अभी तक उनका मुआवजा नहीं मिला उसे यथाशीघ्र दिलाने और सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के कई भवन के ऊपर 11000 हजार किलोवाट के तार को डायवर्ट करने आदि पर चर्चा की गई। सभी बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि झरिया सब स्टेशन निर्माण में अतिक्रमण बाधक बना हुआ है, हमलोग प्रशासनिक स्तर पर उसका निराकरण कर रहे हैं। और नए ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन भी व्यापक पैमाने पर प्रारंभ है, जिसका परिणाम हमलोगों को मिलेगा। पूर्व के तुलनात्मक हमलोगों ने बहुत हद तक सुधार किया है,साथ ही बचे हुए कार्यो का जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 15 घायल

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

गिरिडीह : गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग जी टी रोड पर चौथा से दुग्धा जा रही सवारी गाडी और पिक अप वैन में गोपालडीह के पास टक्कर हो गई है। इस घटना में एक बच्ची की मौत हो गई है जबकि 15 लोग घायल है।बगोदर सरिया के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर है।

### पलामू में आधार ऑपरेटरों का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित, नई तकनीकी प्रक्रियाओं की दी गई जानकारी

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : भारत सरकार के यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) द्वारा निर्धारित नवीन नियमावली एवं तकनीकी प्रक्रियाओं के तहत जिले के आधार ऑपरेटरों को आधुनिक ह्लयूनिवर्सल क्लाइंटह्व के माध्यम से आधार नामांकन एवं अद्यतन की विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम उदय प्रताप सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी,यूआईडीएआई, पलामू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें जिले के सभी प्रखंडों से नामित आधार सुपरवाइजर एवं ऑपरेटरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान नवीन नामांकन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी, पूर्व में बने आधार कार्ड के अद्यतन की मानक प्रक्रिया, यूनिवर्सल क्लाइंट सॉफ्टवेयर के प्रयोग में सावधानियाँ एवं तकनीकी बिंदु, दस्तावेज सत्यापन, बायोमैट्रिक सत्यापन तथा ऑपरेटर लॉग मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष बल दिया गया।उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ह्लनागरिकों की पहचान को सुरक्षित, सटीक और अद्यतन बनाए रखना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। हर आधार ऑपरेटर को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण नामांकन अथवा अपडेट न हो।ह्वयह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में आधार सेवाओं की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। प्रशिक्षण में शामिल सभी ऑपरेटरों ने प्राप्त जानकारी को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विभिन्न आधार ऑपरेटर उपस्थित रहे।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई।बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं,खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाजाति,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,पंचायती राज विभाग,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्षमता से समीक्षा की।सर्वप्रथम उन्होंने वित्तिय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के तहत अबुआ आवास योजना का रीव्यू किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि जियो टैग,प्लिंथ लेवल या अन्य जिस स्तर पर किस्त लंबित है उन्हें जारी किया जाये।उन्होंने सभी बीडीओ को सप्ताह में एक बार आवास से जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण करने की बात कही।इसी तरह ई-श्रम पोर्टल पर लंबित एंट्री को अद्यतन करने के निर्देश दिये।

बैठक में डीसी श्री शेखावत ने कहा कि 15 दिनों के भीतर मनरेगा एवं आवास योजनाओं में प्रगति नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।यह प्रखंड विकास पदाधिकारी का मूल कार्य है,इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसी तरह भूमि हस्तांतरण के जितने मामले हैं सभी का स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने को लेकर निर्देशित किया।इस अवसर पर सदर एसडीएम,समाहर्ता कुंदन कुमार,छत्तरपुर व हुसैनाबाद एसडीओ,डीआरडीए निदेशक,अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी समेत विभिन्न बीडीओ-सीओ उपस्थित रहे।

### पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई दी

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची : तीन राज्यों में मिले प्रचंड जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई दी है।पश्चिम बंगाल की प्रचंड जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा यह जीत आचार्य रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की पावन धरती पश्चिम बंगाल आज परिवर्तन के एक नए दौर की ओर अग्रसर है। वर्षों से चले आ रहे अत्याचार, अनाचार और भ्रष्टाचार के वातावरण से मुक्ति की दिशा में जनता ने सशक्त कदम बढ़ाया है।वामपंथ के लंबे दौर के बाद तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनमानस अब सुशासन, विकास और स्थिरता की नई आशा के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। पश्चिम बंगाल, जो अब तक पीड़ा और अव्यवस्था से कराह रहा था, अब सुशासन के सूर्योदय की ओर देख रहा है। इस जीत के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय नेतृत्व एवं पश्चिम बंगाल के संघर्षशील, समर्पित और जुझारू कार्यकताओं का अभिनंदन। परिवर्तन के आधार बने पश्चिम बंगाल के हर मतदाता के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।उन सभी देवतुल्य कार्यकताओं को नमन, जिन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपना बलिदान दिया; यह विजय उन्हीं के त्याग और समर्पण को समर्पित है।

आइए, मां काली के आशीर्वाद से हम सभी मिलकर पश्चिम बंगाल को ह्लसोनार बांग्लाह्व बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

# डीसी की मौजूदगी में जिला स्तरीय कमेटी ने को सीएचसी की जांच-पड़ताल, उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों एवं लापरवाही के स्तर की हुई जांच



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : सरायकेला-खरसावाँ जिला अंतर्गत सीएचसी राजनगर में जच्चा एवं नवजात शिशु की मृत्यु से संबंधित घटना पर उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह ने स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर पर गंभीरता से संज्ञान लिया है।उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच हेतु जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। गठित कमेटी में अभिनव प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी, सरायकेला डॉ. सरयू प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन, सरायकेला-खरसावाँ तथा डॉ. प्रीति मांझी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, सरायकेला शामिल हैं।कमेटी को जच्चा-बच्चा की मृत्यु के कारणों का निर्धारण करने तथा किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।सोमवार को कमेटी द्वारा उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह की उपस्थिति में सीएचसी राजनगर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों एवं संसाधनों का अवलोकन किया गया। साथ ही जनरेटर, सोलर लाइट, इनवर्टर सहित विद्युत वैकल्पिक व्यवस्थाओं तथा अन्य स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यस्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।जांच के क्रम में जच्चा एवं नवजात शिशु की मृत्यु के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई। उपस्थित चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रसूता की मृत्यु अत्यधिक रक्तचाप में गिरावट एवं अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उस समय आवश्यक चिकित्सीय उपचार एवं औषधि प्रदान कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया, तथापि अपेक्षित सुधार नहीं हो सका, जिसके परिणामस्वरूप प्रसूता एवं नवजात शिशु की मृत्यु हो गई।इस क्रम में उपायुक्त द्वारा उपस्थित चिकित्सक, नर्स, एएनएम सहित अन्य कर्मियों से गंभीरता पूर्वक पूछताछ की गई। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति, उस समय की जिम्मेदारियां, प्रसव के दौरान की परिस्थितियां तथा उपलब्ध संसाधनों के उपयोग के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली गई। विशेष रूप से यह भी पूछा गया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में मोबाइल टॉर्च के सहारे प्रसव क्यों कराया गया तथा वैकल्पिक व्यवस्था समय पर क्यों सुनिश्चित नहीं की गई।उपायुक्त द्वारा कमेटी को सीसीटीवी फुटेज की जांच करने तथा सभी तथ्यों का गहन परीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कमेटी को निर्देशित किया गया है कि वह निष्पक्ष जांच रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को उपलब्ध कराए तथा दोषी पाए जाने वाले चिकित्सक एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अनुशंसा करे।उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले संबंधित चिकित्सकीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखे हुए है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजनगर, अंचल अधिकारी राजनगर समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पशु तस्करों ने दी एक लाख की लालच, लेकिन ग्रामीणों ने मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ा



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

गुमला : गुमला में पशु तस्करों ने एक लाख की लालच दी लेकिन ग्रामीणों ने तस्करों की लालच को ठुकराते हुए ट्रक में ठूंस के लादे गए मवेशियों से भरी ट्रक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। यह कार्रवाई गुमला के बाइपास रोड अरमई के समीप की गयी। सोमवार की सुबह गुमला के बाइपास सड़क पर उस वक्त हलचल मच गयी।जब अरमई गांव के पास ग्रामीणों ने मवेशियों से ठसा-ठस भरे एक संदिग्ध ट्रक को घेर लिया।ट्रक पर छत्तीसगढ़ राज्य का नंबर प्लेट लगा था। ट्रक में मवेशियों को ठूंस कर लादकर वध के लिए सिसई होते हुए रांची ले जाया जा रहा था। इसमें बंगाल भी मवेशियों को ले जाने की योजना थी। ग्रामीणों ने ट्रक को रोका।उसकी जांच की तो उसमें गाय मिले। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और मवेशियों से भरी ट्रक को जब्त कर उर्मी के पुलिस टीओपी ले आयी।जहां जिम्मेनामा के आधार पर सभी गायों को किसानों के बीच बांट दिया गया।बताया जा रहा है कि ग्रामीणों को पहले ही इस ट्रक की भनक लग चुकी थी। जैसे ही ट्रक बाइपास से गुजरा, लोगों ने पीछा शुरू कर दिया और अरमई के पास बैरिकेडिंग कर उसे रोक लिया।मौके पर पहुंचते ही स्थिति तनावपूर्ण हो गयी लेकिन ग्रामीण पीछे नहीं हटे। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थाना की टीम एसआइ हेमा देवी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। इसी दौरान एक चौंकाने वाला आरोप भी सामने आया।ग्रामीणों का कहना है कि तस्करों ने ट्रक और चालक को छोड़ने के लिए एक लाख तक की पेशकश की। लेकिन लोगों ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक छत्तीसगढ़ के लोदाम टांगरटोली से निकला था और रांची की ओर बढ़ रहा था। वहीं, ट्रक की रेकी कर रही एक कार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।ग्रामीणों के विरोध के चलते मवेशियों को किसी अन्य थाना ले जाने के बजाय अरमई पिकेट में ही उतारा गया।ट्रक के अंदर 35 मवेशियों को बेहद अमानवीय तरीके से ठूंसा गया था जिनमें कई घायल हालत में मिले।गायों की तस्करी पर रोक है।इसके बाद भी रायडीह थाना के समीप से होकर गायों की तस्करी होती है। बताया जा रहा है कि हर सप्ताह छत्तीसगढ़ से गायों से भरी ट्रक निकलती है जो झारखंड के सीमावर्ती रायडीह से होकर गुमला, रांची सहित बंगाल तक जाती है।गायों की अवैध तस्करी के इस खेल में गुमला के एक नेताजी की भूमिका संदेह में है। हालांकि, समय समय पर पुलिस गायों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते रही है। लेकिन कार्रवाई करने वाले थानेदारों को रायडीह से हटवाने का भी खेल ऊपर से होता रहा है।

## डीसी ने की प्रशिक्षु उप समाहत्ताओं के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय में प्रशिक्षु उप समाहत्ताओं के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को जिला प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उन्हें जिला प्रशासन की भूमिका, जिम्मेदारियों और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था।बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी उप समाहत्ताओं से एक-एक कर उनके कार्य अनुभव, पिछली भूमिकाओं तथा प्रशासनिक पृष्ठभूमि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से उनके विचार, चुनौतियों और सुझाव भी जाने। इसके उपरांत उपायुक्त ने उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और निर्देश दिया कि वे योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़कर वास्तविक लाभ सुनिश्चित करें।उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अधिकारियों को जिला प्रशासन में अपनी भूमिका निभाते हुए आप जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण रखें। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, निष्ठा, जवाबदेही और तेज गति से कार्य संपादन सुनिश्चित करें।ह्वउन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी सक्रिय रहें, स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था, अधिकारियों की भूमिका, विभिन्न विभागों के कार्यप्रणाली तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया को गहराई से समझें। जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनका शीघ्र समाधान करना ही सच्ची जनसेवा है।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण अवधि में विभिन्न प्रखंडों, अंचलों तथा विभागों का अध्ययन करें तथा वास्तविक क्षेत्रीय समस्याओं से रू-ब-रू हों। उन्होंने कहा कि प्रशासन का अंतिम लक्ष्य आम नागरिक तक बेहतर सुविधाएं और विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।इस अवसर पर उप समाहत्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए।बैठक में स्थापना उप समाहर्ता बिवेक सुमन भी उपस्थित रहे।

## खरसावां के बरजुडीह बुरूगोड़ा में दो शराब भट्ठी ध्वस्त, 350 किलो जावा नष्ट

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के बरजुडीह गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब के दो भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बरजुडीह गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र में छापेमारी की।बताया जाता है कि गांव से सटे पहाड़ी की तराई में अवैध शराब निर्माण का काम चल रहा था।सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी।छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 350 किलो जावा-महुआ बरामद किया, जिसका इस्तेमाल शराब बनाने में किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर दोनों ही भट्ठी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और शराब बनाने में उपयोग किए जा रहे उपकरणों को जब्त कर लिया। ताकि उसका दोबारा उपयोग न किया जा सके।इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध शराब निर्माण को जड़ से खत्म करना है।हालांकि, छापेमारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली है।थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी कीमत पर अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को बर्दाश्त नहीं करेगी। क्षेत्र में नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है, ताकि ऐसे अवैध धंधों पर रोक लगाई जा सके।पुलिस ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है।थाना प्रभारी ने कहा कि यदि कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें।सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। इस कार्रवाई से साफ है कि पुलिस अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है।आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहने की संभावना है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हो सके और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।

## पतरातू डैम में सुरक्षा अलर्ट : बोटिंग पर रोक, बिना शपथ पत्र नाव संचालन नही,प्रशासन सख्त



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित नर्मदा नदी में बने बरगी डैम में 30 अप्रैल की शाम हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के बाद पूरे देश में जल पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस घटना ने न केवल लोगों को झकझोर दिया, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक कार्रवाई की जरूरत को उजागर किया है।इसी कड़ी में झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पतरातू डैम में भी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है और सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरती जा रही है।सोमवार को रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अनुराग तिवारी ने पतरातू लेक रिसॉर्ट परिसर में नाव संचालकों, नाव समितियों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।बैठक में पतरातू अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया, एसआई संजय कुमार सिन्हा तथा लेक रिसॉर्ट की प्रबंधक दिव्या कुमारी मौजूद थी।बैठक के दौरान पतरातू डैम में संचालित बोटिंग व्यवस्था, सुरक्षा संसाधनों और नाव संचालन की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाओं से सबक लेते हुए हर स्तर पर सतर्कता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।प्रशासन ने सभी नाव समितियों को निर्देशित किया कि वे नाव संचालन से संबंधित एक शपथ पत्र जमा करें,जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी सुरक्षा मानकों जैसे लाइफ जैकेट की अनिवार्यता, नावों की क्षमता से अधिक सवारी न लेना, प्रशिक्षित नाविकों की तैनाती और आपातकालीन व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाएगा।महत्वपूर्ण बात यह है कि जब तक सभी नाव संचालक व समितियां यह शपथ पत्र जमा नहीं कर देतीं, तब तक पतरातू डैम में बोटिंग गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है।इस निर्णय से जहां सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है, वहीं पर्यटकों को अस्थायी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।बैठक के बाद अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया ने विभिन्न नाव घाटों का दौरा कर पारंपरिक नावों और स्पीड बोट का निरीक्षण किया।इस दौरान नावों की तकनीकी स्थिति, लाइफ सेविंग उपकरणों की उपलब्धता, नाविकों की तैयारी और संचालन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया।कई स्थानों पर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए।प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में नियमित जांच अभियान चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क जाम मामले में विधायक प्रदीप यादव को एक साल की सजा, जमानत पर रिहा



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : दुमका की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने करीब 16 वर्ष पुराने सड़क जाम मामले में सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को भादवि की धारा 225 के तहत एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, सजा के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। वहीं, साक्ष्य के अभाव में पूर्व भाजपा विधायक रणधीर सिंह समेत अन्य सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। विशेष न्यायाधीश सह एसडजेएम मोहित चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान सभी आरोपी उपस्थित थे। सजा सुनाए जाने के बाद बचाव पक्ष ने प्रोविजनल बेल की अर्जी दाखिल की, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 10-10 हजार रुपये के दो मुचलकों पर एक माह के लिए जमानत प्रदान की। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में अब तक छह गवाहों की गवाही कराई जा चुकी है।गौरतलब है कि 15 सितंबर 2010 को देवघर में सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर तत्कालीन झाविमो विधायक प्रदीप यादव और रणधीर सिंह के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया था। इस दौरान आम जनजीवन प्रभावित हुआ था और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।मामले में दंडाधिकारी के रूप में तैनात सूचक सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुधीर कुमार मोदी ने लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत 12 नामजद एवं करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## बुजुर्ग का शव बरामद, हत्या का आरोप

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

कोडरमा : तिलैया थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गझंडी अंबाकोला गांव के पास स्थित जंगल क्षेत्र से एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है।शव की पहचान 72 वर्षीय झरी सिंह पिता किशुन सिंह के रूप में हुई है।शव देख ऐसा प्रतीत होता है कि पत्थर से कूच कर बुजुर्ग की हत्या की गई है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने तिलैया थाना में सोमवार को आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाया है। हत्या का संदेह जताते हुए एक व्यक्ति का नाम भी दिया गया है।पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।हालांकि, हत्या किस वजह से हुई इसका कारण आवेदन में स्पष्ट नहीं है।जानकारी के अनुसार तिलैया थाना को दिए आवेदन में मृतक की पत्नी बुधनी देवी निवासी अंबाकोला गझंडी ने कहा है कि तीन मई की शाम करीब चार बजे मुझे सूचना मिली कि मेरे पति झरी सिंह का शव जंगल में घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ी में पड़ा है। सूचना पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वहां पहुंचे तो पता चला कि पत्थर से कूच कर मेरे पति की हत्या की गई है।महिला के अनुसार दो मई की शाम गांव में ही शादी समारोह था.मेरे पति उसी समारोह में गए थे और लौट कर नहीं आए। थे.मुझे संदेह है कि गांव में मुन्ना महतो के घर शादी में शरीक होने आए व्यक्ति महेंद्र यादव पिता स्वर्गीय बोधी महतो निवासी ढाब छतनी थाना रजौली नवादा बिहार के द्वारा पत्थर से मार कर मेरे पति की हत्या की गई है।हालांकि, आवेदन में हत्या की वजह का जिक्र नहीं है।पुलिस हत्या का केस दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है।इधर, इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीपीओ अनिल सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि शराब पीने को लेकर हुए विवाद में इस तरह की घटना हुई। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।

# आंधी-बारिश ने फतेहपुर में मचाई तबाही, सब्जी व मूंग की फसल को पहुंची भारी नुकसान

### दिन में ही छा गया अंधेरा, चार बजे रात जैसा बन गया माहौल

### तेज हवा से पेड़ों की टहनियां टूटीं, कई जगह उड़े छप्पर

### लाइट जलाकर चलने को मजबूर हुए वाहन चालक





फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :फतेहपुर क्षेत्र में सोमवार को आयी तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। अचानक बदले मौसम ने दिन में ही रात जैसा दृश्य पैदा कर दिया। करीब चार बजे ही आसमान में घने बादल छा गए और अंधेरा इतना गहरा हो गया कि लोगों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। आंधी के साथ आई तेज हवाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी। क्षेत्र में लगी सब्जी और मूंग की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कई खेतों में फसलें गिर गईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति होने की आशंका है। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं, कच्चे मकानों के छप्पर और करकट उड़ जाने की भी खबर है। हालांकि, इस प्राकृतिक आपदा में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आंधी-बारिश का असर काफी देर तक बना रहा, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। किसान अब फसल नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं और प्रशासन से राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

## फतेहपुर में ताड़ के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, धधक उठा पेड़, बाल-बाल बचे ग्रामीण

### देवा मांझी के घर के पास हुई घटना, अफरा-तफरी का माहौल



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :फतेहपुर थाना क्षेत्र के कत्थाडीह गांव में सोमवार को अचानक मौसम के बदले मिजाज के बीच तेज गर्जना के साथ हुई बारिश के दौरान एक ताड़ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। यह घटना देवा मांझी के घर के पास हुई, जिससे पेड़ में तत्काल आग लग गई और देखते ही देखते वह धधकने लगा। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति पर नजर रखी और आग को फैलने से रोका। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्राकृतिक आपदा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बताई। तेज आंधी-बारिश के दौरान खुले स्थानों और ऊंचे पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।

## टनकुप्पा में स्थायी वारंटियों पर पुलिस की कार्रवाई तेज, दो गिरफ्तार



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :टनकुप्पा थाना क्षेत्र में फरार चल रहे स्थायी वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में कमलेश यादव,पिता-बालेश्वर यादव और अनुज यादव, पिता-सुकर यादव, दोनों ग्राम जेहली बिगहा, थाना टनकुप्पा, जिला गया के निवासी हैं। थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व से न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## फतेहपुर के प्लस टू राम सहाय हाई स्कूल मरम्मत घोटाले पर सख्ती

### डीईओ पर 2500 रुपये जुमार्ने की अनुशंसा

### 10 सुनवाई के बाद भी नहीं सौंपा गया जांच प्रतिवेदन

### -लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :फतेहपुर प्रखंड के प्लस टू राम सहाय उच्च विद्यालय के मरम्मत कार्य में कथित अनियमितता और राशि गबन के मामले में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। परिवादी पुरुषोतम पांडेय द्वारा दायर परिवाद पर सुनवाई के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ), गया की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं और उनपर 2500 रुपए जुमार्ने की अनुशंसा की गई है।

परिवाद में आरोप लगाया गया था कि विद्यालय के मरम्मत कार्य में अवैध तरीके से राशि का गबन किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक प्राधिकार सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया को नोटिस जारी कर जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, लगातार 10 तिथियों पर सुनवाई के बावजूद डीईओ कार्यालय की ओर से कोई जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और इसे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के प्रति उदासीनता बताया।

लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने आदेश में डीईओ, गया के विरुद्ध अधिनियम की धारा 8 के तहत 2500 जुमार्ना अधिरोपित करने की अनुशंसा की गई है। साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि परिवादी से समन्वय स्थापित कर मामले के निवारण हेतु नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस निर्णय के साथ ही वाद की कार्रवाई समाप्त कर दी गई है तथा आदेश की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया को भेज दी गई।

## बिहार के तीन जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 12 की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना, (एजेंसी) :बिहार में सोमवार शाम तेज आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन जिलों में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा पूर्वी चंपारण में 05, गया जी में 04 और औरंगाबाद में 03 लोगों की मौत हो गई।

इस घटना पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पूर्वी चंपारण जिले में एक घंटे की बारिश ने भारी तबाही मचाई है। तेज आंधी बारिश से मोतिहारी में 5 लोगों की मौत हो गयी है। जिले में पहली घटना सुगौली थाना क्षेत्र के कैथवलिया गांव स्थित बगीचे की है जहां आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान जयलाल सहनी के 15 वर्षीय पुत्र सन्नी देओल कुमार व मंजू सहनी के 8 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। जबकि घायल बच्चे की पहचान 9 वर्षीय मंतोष कुमार के रूप में हुई है।

दूसरी घटना जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव में आकाशीय बिजली ताड़ के पेड़ पर गिर गई। जिसके बाद ताड़ के पेड़ में आग लग गई, जो देखते ही देखते पास की झोपड़ियों तक फैल गई। इस भीषण अगलगी में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए।

## महिला सुरक्षा को लेकर चला सघन जांच अभियान



गया जी(एजेंसी) :पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर सोमवार को आरपीएफ की टीम ने जीआरपी के साथ संयुक्त रूप से पैसेंजर ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन से खुलने वाली और आने वाली पैसेंजर ट्रेनों में संचालित किया गया। अधिकारियों ने विभिन्न ट्रेनों के कोचों में जाकर सघन चेकिंग की और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महिला और आरक्षित कोचों पर विशेष निगरानीअभियान के दौरान विशेष रूप से महिला कोच और आरक्षित डिब्बों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की गहन जांच की गई, साथ ही यात्रियों से पूछताछ कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव के नेतृत्व में टीम में शामिल सदस्यों ने सघन जांच अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई। सभी यात्री सुरक्षित और संतोषजनक स्थिति में पाए गए, जिससे रेलवे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

अधिकारियों ने यात्रियों को आपातकालीन स्थिति में 139 हेल्पलाइन और ह्वमेरी सहेलीह्व टीम की सहायता लेने की सलाह दी। साथ ही सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। अभियान के बाद पूरे क्षेत्र में स्थिति सामान्य पाई गई और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा।

## पूर्वी चंपारण में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली का कहर,तीन मासूम समेत पांच की मौत

पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) :बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सोमवार की दोपहर आंधी बारिश के साथ आकाशीय बिजली ने कहर बरपाया है। तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली (ठनका) और पेड़ गिरने से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में तीन मासूम समेत पांच लोगो की मौत हो गई है। जबकि इस घटना दो लोग घायल हुए है।

सुगौली थाना क्षेत्र के कैथवलिया गांव स्थित बगीचे में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है,जिसका इलाज चल रहा है। मृत बच्चों की पहचान जयलाल सहनी का 15 वर्षीय पुत्र सन्नी देओल कुमार व मंजू सहनी के 8 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। जबकि घायल बच्चे की पहचान 9 वर्षीय मंतोष कुमार के रूप में हुई है।घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव में आकाशीय बिजली ताड़ के पेड़ पर गिर गई। जिसके बाद ताड़ के पेड़ में आग लग गई, जो देखते ही देखते पास की झोपड़ियों तक फैल गई। इस भीषण अगलगी में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए। घटना में अपने ननिहाल आई 3 वर्षीय बच्ची सरस्वती कुमारी की जलने से मौत हो गई। घटना में एक युवक भी घायल हुआ है।जिसकी पहचान 22 वर्षीय चंदन महतो के रूप में हुई है। अंचलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारी को क्षति का आकलन कर पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देने का निर्देश दिया है।

## खरौंध रेलवे स्टेशन बेस कैंप हमला कांड का हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

नवादा, (एजेंसी) :पुलिस ने बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के सहयोग से मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से फरार चल रहे हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी चंद्रवंशी (पिता- स्व. शंकर रवानी), निवासी जुझारपुर, थाना गोह, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित नक्सली गया जिले में अपने गांव में छिपा हुआ है। इसके बाद एसटीएफ के नेतृत्व में नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमन के निर्देश पर जिला आसूचना इकाई और सिरदला थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ शिविर में पूछताछ कर उसे सिरदला थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

गौरतलब है कि आरोपी के खिलाफ नवादा सहित बिहार के कई थानों में नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामले दर्ज हैं। वर्तमान गिरफ्तारी सिरदला थाना कांड संख्या 264/16 के तहत की गई है। यह मामला 3 नवंबर 2016 का है, जब तिलैया-कोडरमा रेलखंड पर निमार्णाधीन खरौंध रेलवे स्टेशन के बेस कैंप पर भाकपा (माओवादी) के नक्सलियों ने हमला कर दिया था।

इस दौरान नक्सलियों ने लेवी नहीं देने पर ठेकेदारों और मजदूरों के साथ मारपीट की थी, गोलीबारी की थी और पोकलेन मशीन, स्कॉर्पियो समेत कई

## गांधी मैदान स्टेडियम में छह दिन पूर्व बने हेलीपैड नहीं हटा,खेल गतिविधियां प्रभावित



गया जी (एजेंसी) :गया जी गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में 29 अप्रैल को बनाए गए हेलीपैड को अब तक नहीं हटाया गया है जिससे स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यह मैदान लंबे समय से फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स जैसे खेलों के अभ्यास का प्रमुख केंद्र रहा है। लेकिन हेलीपैड निर्माण के कारण इसकी उपयोगिता प्रभावित हो गई है।

खिलाड़ियों और बच्चों को अभ्यास में हो रही परेशानी

गया जिला फुटबॉल संघ के सचिव खतीब अहमद ने बताया कि हेलीपैड के कारण मैदान की स्थिति खराब हो गई है। खिलाड़ियों और बच्चों को नियमित अभ्यास में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है।हल्की बारिश में मैदान हुआ जलमग्न हेलीपैड बनने के कारण मैदान की सतह अ-समान हो गई है जिससे हल्की बारिश में ही पूरा ग्राउंड जलमग्न हो जाता है। इससे न केवल खेल गतिविधियां ठप हो रही हैं बल्कि मैदान की गुणवत्ता भी लगातार खराब होती जा रही है।खतीब अहमद ने बिहार सरकार और खेल मंत्रालय से अपील की है कि इस समस्या पर जल्द ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन ऐसी स्थिति में खिलाड़ियों का मनोबल गिरता है। उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में खेल मैदानों पर हेलीपैड निर्माण से बचा जाए और मौजूदा मैदान को जल्द से जल्द खेल योग्य बनाया जाए ताकि खिलाड़ी बिना बाधा अभ्यास कर सकें।

## फतेहपुर में दिनदहाड़े बाइक की डिक्की तोड़ उड़ाए डेढ़ लाख, सीसीटीवी में कैद हुआ शातिर

### बहन की शादी के लिए पीएनबी से रुपये निकालकर डिक्की में रखे थे पीड़ित

### चाबी से लॉक खोलकर रुपये लेकर फरार हुआ आरोपी, जांच में जुटी पुलिस




फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :फतेहपुर- पहाड़पुर मुख्य मार्ग पर सोमवार को दोपहर दिनदहाड़े बाइक की डिक्की से डेढ़ लाख रुपये की चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। शातिर बदमाश ने बड़ी ही सफाई से वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर थाना क्षेत्र के चरोखरीगढ़ निवासी अखिलेश कुमार ने अपनी बहन की शादी के लिए सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक, फतेहपुर शाखा से 1.50 लाख रुपये निकाले थे। उसने बैंक से रुपए निकालने के बाद उसे अपनी बाइक की डिक्की में रख लिया। इसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ स्टेशन रोड स्थित हिंदुस्तान टाइल्स के समीप एक दुकान पर घर की पुताई के लिए रंग खरीदने चले गए। इसी दौरान पहले से नजर बनाए एक शातिर बदमाश मौके पर पहुंचा और डिक्की से रुपए निकाला आराम से चलते बना।

बताया गया है कि वारदात के दौरान शातिर का कारनामा पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, आरोपी काला पैंट, सफेद शर्ट और सिर पर टोपी पहने हुए था। उसने चाबी से बड़ी चालाकी से बाइक की डिक्की का लॉक खोला और उसमें रखे रुपये से भरा थैला निकालकर तेजी से फतेहपुर की ओर भाग निकला। इधर, कुछ ही देर बाद जब अखिलेश कुमार दुकान से बाहर आया, तो बाइक की डिक्की खुली देख उसके होश उड़ गए। रुपये गायब होने की जानकारी मिलते ही पति-पत्नी का रो-बिलखने लगे। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने भी घटना पर चिंता जताई।इधर, घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत फतेहपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## बिहार सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने को कहा?



पटना,(एजेंसी) :बिहार सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का नया अल्टीमेटम दिया है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास खाली नहीं करने पर कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल यह बंगला पिछले करीब 20 वर्षों से लालू परिवार के कब्जे में है और 2006 से यह उनका मुख्य निवास बना हुआ है। इस बीच राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। हालांकि अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। खबर है कि सरकार ने राबड़ी देवी को वैकल्पिक रूप से 39, हार्डिंग रोड स्थित नया सरकारी आवास आवंटित किया है। इससे पहले 25 नवंबर 2025 को भी आवास खाली करने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन उस समय इसे अमल में नहीं लाया गया। बाद में दिसंबर 2025 के अंत में सामान शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया। लेकिन सरकार ने इस मामले में दोबारा सख्त रुख अपनाया है। मौजूदा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। सरकार के इस कदम के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। अगर तय समय में आवास खाली नहीं किया गया, तो प्रशासन की ओर से सख्ती बरती जा सकती है। मालूम हो कि 10 सर्कुलर रोड स्थित इस आवास में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। इस बीच राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि फिलहाल नोटिस मिलने की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम के मुताबिक जो भी प्रक्रिया होगी, उसका पालन किया जाएगा। शक्ति सिंह यादव ने कहा कि राबड़ी देवी को इस सरकारी आवास से कोई व्यक्तिगत लगाव नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार जिनके हाथ में है, वे जो चाहें कर सकते हैं। इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देते हुए 7 सर्कुलर रोड के आवंटन पर सवाल खडा करते उन्होंने कहा कि आखिर किस आधार पर सात नंबर आवास दिया गया, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।

## नालंदा में नीट परीक्षा में फजीर्वाड़े का बड़ा खुलासा, तीन गिरफ्तार

नालंदा, (एजेंसी) : बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। बिहार पुलिस ने नालंदा जिले में कार्रवाई करते हुए नीट परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 02 मई को नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक स्कॉर्पियो और एक ब्रेजा कार को रोका। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो से 2.95 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। गाड़ी चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम अवधेश कुमार (जिला मुजफ्फरपुर) बताया, जो एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसके साथ बैठे व्यक्ति की पहचान अमन कुमार सिंह (जिला मोतिहारी) के रूप में हुई। पुलिस जांच में आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। मोबाइल में नीट, एईओ और बीएसएनएल परीक्षा के फर्जी एडमिट कार्ड, संदिग्ध चैट और पैसों के लेन-देन से जुड़े डिजिटल सबूत मिले। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उनका एक साथी उज्ज्वल उर्फ राजा बाबू नीट परीक्षा में ह्वसॉल्वरह्व बैठाने का काम करता है। यानी असली परीक्षार्थी की जगह दूसरे व्यक्ति को परीक्षा दिलाने की साजिश रची जा रही थी। अब बिहार पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच तेज कर दी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के फजीर्वाड़े पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता बनी रहे।

## संपादकीय

# अमेरिका में महंगाई और बेघर होते लोग

दुनिया की सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में गिने जाने वाले अमेरिका में बेघर लोगों की बढ़ती संख्या एक गहरी सामाजिक और आर्थिक विडंबना को उजागर करती है। तकनीकी प्रगति, उच्च आय और वैश्विक प्रभाव के बावजूद, देश का एक बड़ा वर्ग आज भी बुनियादी जरूरतों छत, भोजन और स्वास्थ्य से वंचित है। यह स्थिति केवल गरीबी का नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता के बढ़ते अंतर का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हाल के वर्षों में बेघर होना (होमलेसनेस) की समस्या तेजी से बढ़ी है। यह राजनीतिक जुमले नहीं हैं, जिसे एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया जाए। बल्कि यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट के आंकड़े हैं जो बताते हैं, कि लाखों लोग स्थायी आवास से वंचित हैं। इन बेघर इंसानों में बड़ी संख्या कामकाजी वर्ग की भी है। यह तथ्य विशेष रूप से चिंताजनक है कि रोजगार होने के बावजूद लोग घर नहीं ले पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण आवास की आसमान छूती कीमतें और स्थिर या सीमित वेतन है। कुल मिलाकर महंगाई की मार अब बड़े स्तर पर भी देखने को मिलने लगी है। लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को और न्यूयॉर्क सिटी जैसे बड़े शहरों में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। यहां सड़कों, पुलों के नीचे, टेंट कॉलोनियों और अस्थायी शिविरों में रहने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन महानगरों में किराया इतना अधिक हो चुका है कि न्यूनतम वेतन पाने वाला व्यक्ति एक साधारण घर का खर्च भी नहीं उठा सकता।

वैश्विक मंदी के इस दौर में बढ़ती महंगाई इस संकट का प्रमुख कारण है, लेकिन इसके पीछे भी कई परस्पर कारण जुड़ते हैं। इनमें स्थिर आय, महंगी स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को भी शामिल किया गया है। इन कारणों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। कोविड-19 महामारी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया, जब लाखों लोग बेरोजगार हो गए और उनकी आर्थिक सुरक्षा कमजोर पड़ गई। हालात को और चुनौतीपूर्ण बनाने में वैश्विक परिस्थितियों की भी भूमिका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष लंबा खिंचता है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई में उछाल से आर्थिक वृद्धि दर घटकर लगभग 2 फीसद तक पहुंच सकती है, जो वैश्विक मंदी का सबसे बड़ा संकेत माना जाता है। ईरान के खिलाफ इजरायल के साथ मिलकर युद्ध शुरू करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ह्लछोटी और निर्णायकह्व लड़ाई बताया था, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल साबित हो रही है। युद्ध, महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता का सीधा असर आम नागरिकों, खासकर कमजोर वर्गों पर पड़ता है।यह कौन नहीं जानता कि बेघर लोगों का जीवन अत्यंत कठिन और असुरक्षित होता है। उन्हें खुले आसमान के नीचे रहना पड़ता है, जहां सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होता है। कई लोग अस्थायी आश्रयों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन वहां भी सीमित जगह और संसाधनों के कारण सभी को सुविधा नहीं मिल पाती।

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।

: अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है।

: मैक्स लर्नर

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनावी रिजल्ट 2026 -4 मई दीदी गई...

बंगाल में खिला कमल, असम में बीजेपी की हैट्रिक, टीएन में विजय बम-बम?-भारतीय लोकतंत्र का निर्णायक मोड़पांच राज्यों के विधानसभा चुनावी नतीजे -तमिलनाडु में विजय का मैजिक, बीजेपी की झोली में बंगाल..असम में हैट्रिक से लेकर केरल तक का हालविश्व के किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव परिणाम निवेशकों, उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए पॉलिसी सिग्नल का काम करते हैं वैश्विक स्तरपर 4 मई 2026 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐसे दिन के रूप में दर्ज हो गया,जब पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने न केवल घरेलू राजनीति की दिशा बदली, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की राजनीतिक स्थिरता,आर्थिक संभावनाओं और नीतिगत निरंतरता के संकेत भी दिए।बता दें 4 मई 2026 को पाँच राज्यों पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में मतगणना के रुझानों से केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का संकेत भर नहीं मिला,बल्कि वे भारत की आर्थिक दिशा,निवेश माहौल, और वैश्विक छवि पर गहरा प्रभाव डालने वाले मल्टी-लेयर सिग्नल के रूप में उभरे। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव परिणाम निवेशकों, उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए पॉलिसी सिग्नल का काम करते हैं, और इस बार के चुनावों में उभरी तस्वीर, जहाँ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में फतेह से भरी दिखी, असम में अपनी स्थिति मजबूत रखे हुए लौटी और पुडुचेरी में भी गठबंधन के साथ आई है,वह निवेशकों के लिए स्थिरता और निरंतरता का संदेश देती है। इसके विपरीत, तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवींके का उभार, तथा केरल के संकेत, एक मिश्रित लेकिन समग्र रूप से सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य की ओर इशारा करते हैं।पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलना, असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी,और तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन या मजबूत जनादेश,इन तीनों घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत की राजनीति अबपारंपरिक क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैचारिक और प्रदर्शन आधारित हो चुकी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस चुनाव परिणाम ने यह भी दिखाया कि मतदाता अब केवल पहचान-आधारित राजनीति से संतुष्ट नहीं हैं, बल्कि वे विकास, सुशासन और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ तालमेल को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।यह आर्टिकल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आए परिणामों के आधार पर लिखा गया है।

साथियों बात अगर हम पश्चिम बंगाल असम और तमिलनाडु की बात करें तो यह चुनावकेवल एक राज्य का चुनाव नहीं था, बल्कि यह एक वैचारिक टकराव का केंद्र बन चुका था। लंबे समय से टीएमसी के नेतृत्व में चल रही सरकार के सामने बीजेपी ने जिस आक्रामक रणनीति के साथचुनाव लड़ा,वह अभूतपूर्व था। वास्तव में बंगाल में बीजेपी को इतना बहुमत मिलना यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन माना जाएगा। बंगाल, जो दशकों तक वामपंथी और क्षेत्रीय राजनीति का गढ़ रहा,वहां राष्ट्रीय दल का उभार यह संकेत देता है कि मतदाता अब केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय चाहते हैं। यह जीत उस नैरेटिव को भी मजबूत करती है कि राष्ट्रीय स्तर की नीतियां और नेतृत्व अब क्षेत्रीय राजनीति को भी प्रभावित कर रहे हैं।असम में बीजेपी की हैट्रिक जीत अपने आप में एक अलग कहानी कहती है। पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी राजनीतिक रूप से अस्थिर और केंद्र से दूर माना जाता था, आज विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर स्थिरता की ओर बढ़ रहा है।बीजेपी की लगातार तीसरी जीत यह दशार्ती है कि वहां की जनता ने पार्टी के शासन मॉडल को स्वीकार किया है। बुनियादी ढांचे का विकास, कनेक्टिविटी में सुधार, और सुरक्षा के मोर्चे पर स्थिरता,ये सभी कारक इस जीत के पीछे प्रमुख रहे हैं।यह परिणाम न केवल राज्य स्तर पर बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजनीतिक संतुलन को मजबूत करता है, जिससे भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी बल मिलता है।तमिलनाडु की राजनीति हमेशा से विशिष्ट रही है, जहां द्रविड़ दलों का दबदबा रहा है। यदि इस बार चुनाव में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला है या सत्ता परिवर्तन हुआ है, तो यह दक्षिण भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरूआत हो सकती है।द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच परंपरागत मुकाबले के बीच यदि कोई नया समीकरण उभरा है, तो यह इस बात का संकेत है कि मतदाता अब पारंपरिक निष्ठाओं से हटकर प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता को महत्व दे रहे हैं। तमिलनाडु का परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दक्षिण भारत में राजनीतिक विस्तार की संभावनाओं को दशार्ता है।

साथियों इन तीन प्रमुख राज्यों के अलावा,अन्य राज्यों के परिणाम भी इस व्यापक तस्वीर को पूरा करते हैं।कुल मिलाकर यह चुनाव परिणाम एक मिश्रित लेकिन स्पष्ट संदेश देता है जहां मतदाता स्थानीय मुद्दों के आधार पर निर्णय लेते हैं, वहीं वे राष्ट्रीय नेतृत्व और नीतिगत स्थिरता को भी ध्यान में रखते हैं। इस चुनाव में यह भी देखने को मिला कि चुनाव प्रचार में डिजिटलमाध्यमों सोशल मीडिया और डेटा- आधारित रणनीतियों का प्रभाव पहले से कहीं सटीक रूप से अधिक रहा।साथियों शेयर बाजार व विकास के बुनियादी ढांचों व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी इन चुनाव परिणामों का तात्कालिक प्रभाव देखा जा सकता है। यदि बाजार को यह संकेत मिलता है कि सरकार मजबूत और स्थिर है,तो निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, जिससे बाजार में तेजी आ सकती है। सेक्टर वाइज देखें तो इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सबसे अधिक लाभ हो सकता है, क्योंकि ये क्षेत्र सरकारी नीतियों और निवेश पर निर्भर करते हैं। वहीं, आईटी और फार्मा जैसे सेक्टर पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे वैश्विक बाजार से अधिक प्रभावित होते हैं।राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, इन चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा प्रभाव नीतिगत निर्णयों की गति पर पड़ता है। एक मजबूत सरकार तेजी से निर्णय ले सकती है, जिससे आर्थिक सुधारों को लागू करना आसान हो जाता है। यदि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय होता है, तो बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और निवेश योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकती हैं। इससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलता है।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक दृष्टिकोण से यह परिणाम भारतीय संघीय ढांचे पर भी प्रभाव डालेगा किसको समझाने की करें तो अब तक पश्चिम बंगाल केंद्र और राज्य के बीच टकराव का एक प्रमुख उदाहरण रहा है,जहां टीएमसी सरकार और केंद्र की बीजेपी सरकार के बीच लगातार राजनीतिक और प्रशासनिक संघर्ष देखने को मिला।अब केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ने की संभावना है। इससे विकास परियोजनाओं,बुनियादी ढांचे के निर्माण और निवेश को गति मिल सकती है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि विपक्ष की अनुपस्थिति में लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी।आर्थिक दृष्टि से पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखी जा सकती है। लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण नहीं है और राजनीतिक अस्थिरता तथा हिंसा निवेश को प्रभावित करती है। यदि नई सरकार स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सफल रहती है, तो राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। विशेष रूप से विनिर्माण,आईटी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में बड़े निवेश की संभावना बढ़ सकती है।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## दैनिक पंचांग

**5 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | वृश्चिक में |
| मंगल | मीन में |
| बुध | मेष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 06.02 बजे से |
| मिथुन | 08.00 बजे से |
| कर्क | 10.14 बजे से |
| सिंह | 12.30 बजे से |
| कन्या | 14.42 बजे से |
| तुला | 16.53 बजे से |
| वृश्चिक | 19.07 ब.से |
| धनु | 21.23 बजे से |
| मकर | 23.28 बजे से |
| कुंभ | 01.15 बजे से |
| मीन | 02.48 बजे से |
| मेष | 04.18 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 125 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 05.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 12.55 बजे को समाप्त। **योग** शिव 00.17 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 05.25 बजे तदनन्तर बव 18.38 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 12' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872700 **जूलियन दिन** 2461165.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** एकदन्त संकष्टी।

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# भारत में बढ़ती हृदय रोग महामारी और उससे बचाव के प्रभावी उपाय

## बदलती जीवनशैली और युवाओं में तेजी से बढ़ता दिल का खतरा

भारत में स्वास्थ्य से जुड़ी हालिया तस्वीर चिंताजनक होती जा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के ताजा सर्वे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित समस्या नहीं रह गया है बल्कि यह तेजी से युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। पिछले सात वर्षों में दिल के मरीजों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ जाना किसी साधारण बदलाव का संकेत नहीं बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा करता है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा भी अब इस बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं जो पहले अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते थे।

यह बदलाव केवल चिकित्सा आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज की बदलती जीवनशैली का सीधा परिणाम है। आज का युवा पहले की तुलना में अधिक तनावग्रस्त है। पढ़ाई का दबाव, करियर की अनिश्चितता, डिजिटल जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने शरीर को कमजोर बना दिया है। इसके साथ ही जंक फूड का बढ़ता चलन, देर रात तक जागना और नींद की कमी भी हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा रही है।शहरी क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर दिखाई देती है। वहां की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दे पाते। लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी और प्रदूषण भी दिल की बीमारियों को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुरुषों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है लेकिन महिलाओं में भी बीमार होने की दर अधिक होने के कारण खतरा कम नहीं है।हृदय रोग का इलाज अन्य बीमारियों की तुलना में काफी महंगा है। शहरों में इसका खर्च इतना अधिक है कि सामान्य परिवार के लिए इसे वहन करना कठिन हो सकता है। हालांकि सरकारी बीमा योजनाओं का विस्तार एक सकारात्मक कदम है लेकिन केवल इलाज पर निर्भर रहना समाधान नहीं हो सकता। असली जरूरत इस बीमारी को रोकने की है।दिल की बीमारियों के बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण जीवनशैली में असंतुलन है। आज के समय में लोग प्राकृतिक जीवन से दूर होते जा रहे हैं। पहले जहां लोग अधिक चलते थे, खेतों में काम करते थे या शारीरिक श्रम करते थे वहीं आज अधिकांश काम मशीनों और कंप्यूटर के जरिए हो रहा है। इससे शरीर की सक्रियता कम हो गई है और मोटापा तेजी से बढ़ रहा है जो हृदय रोग का प्रमुख कारण है।तनाव भी एक महत्वपूर्ण कारक बन चुका है। मानसिक दबाव सीधे दिल पर असर डालता है। लगातार चिंता में रहने से रक्तचाप बढ़ता है और धीरे धीरे यह स्थिति गंभीर हो जाती है। इसके अलावा धूम्रपान और शराब का सेवन भी दिल के लिए अत्यंत हानिकारक है। युवा वर्ग में इन आदतों का बढ़ता चलन स्थिति को और बिगाड़ रहा है।

इस समस्या से बचने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता और जीवनशैली में सुधार। नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। रोज कम से कम तीस मिनट तेज चलना, दौड़ना या योग करना दिल को स्वस्थ रखने में बेहद सहायक होता है। योग और प्राणायाम विशेष रूप से तनाव को कम करने में मदद करते हैं और हृदय की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं।खानपान में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। तैलीय और जंक फूड से दूरी बनाकर संतुलित आहार लेना चाहिए। फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन दिल के लिए लाभकारी होते हैं। नमक और चीनी का सेवन सीमित रखना चाहिए क्योंकि ये दोनों ही रक्तचाप और मधुमेह को बढ़ाने में योगदान देते हैं।

नींद भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पर्याप्त और अच्छी नींद लेने से शरीर को आराम मिलता है और हृदय स्वस्थ रहता है। लगातार नींद की कमी शरीर को कमजोर बनाती है और कई बीमारियों का कारण बनती है। इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

नियमित स्वास्थ्य जांच भी अत्यंत जरूरी है। कई बार हृदय रोग के लक्षण शुरूआती अवस्था में स्पष्ट नहीं होते। समय पर जांच कराने से बीमारी का पता जल्दी चल सकता है और इसका इलाज आसान हो जाता है। विशेष रूप से जिन लोगों के परिवार में पहले से हृदय रोग का इतिहास है उन्हें अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है।

सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए ताकि युवा शुरूआत से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन सकें। कार्यस्थलों पर भी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे वे अपने व्यस्त जीवन में भी फिट रह सकें।

डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग भी मददगार हो सकता है। फिटनेस ऐप्स और स्मार्ट डिवाइस के जरिए लोग अपनी गतिविधियों और स्वास्थ्य पर नजर रख सकते हैं। इससे उन्हें अपने लक्ष्य को हासिल करने में प्रेरणा मिलती है।हृदय रोग केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आने वाले वर्षों में और गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे।यह कहा जा सकता है कि दिल की बीमारी से बचाव संभव है बशर्ते हम अपनी जीवनशैली में सही बदलाव करें। स्वस्थ खानपान, नियमित व्यायाम, तनाव से दूरी और समय पर जांच जैसे छोटे छोटे कदम हमें बड़ी समस्याओं से बचा सकते हैं। यह केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है जो पूरे देश को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

कांतिलाल मांडोत

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7502

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7501 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# अस्थमा की वैश्विक त्रासदी: सबसे ज़्यादा भारत में दुनिया की 46% मौतें

(05 मई विश्व अस्थमा दिवस)

शहर की भागती भीड़ में अगर आप किसी चौराहे पर खड़े होकर गौर करें, तो आपको हर पांचवें-छठे बच्चे के कंधे पर लटके स्कूल बैग के किनारे से एक प्लास्टिक का इनहेलर झांकता मिल जाएगा। यह आज की वह कड़वी हकीकत है जिसे हम विकास की चकाचौंध में अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। हमने आलीशान हाईवे और चमकते एक्सप्रेस-वे तो बना लिए, हाथ में 5जी मोबाइल भी थाम लिया, लेकिन उसी हाथ में हमारे बच्चों के लिए नेबुलाइजर की पाइपें भी थमा दीं। हम विकास की ऐसी दौड़ में शामिल हो गए हैं जहां बैंक बैलेंस तो बढ़ रहा है, लेकिन फेफड़ों की उम्र घट रही है।

आज विश्व अस्थमा दिवस पर जब दुनिया इलाज की पहुंच की बात कर रही है, तो हमें यह पूछना होगा कि क्या हम वाकई बीमारी का इलाज ढूंढ रहे हैं या उस जड़ को ही खाद-पानी दे रहे हैं जो इस बीमारी को पैदा कर रही है?अस्थमा अब केवल जेनेटिक या पुरानी बीमारी नहीं रह गई है। यह विशुद्ध रूप से एक इकोलॉजिकल क्राइम यानी पर्यावरण के खिलाफ किए गए अपराध का नतीजा है। भारत की हवा में जो जहर घुल चुका है, वह सीधे हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है।

प्रदूषण की बात चलते ही हमारी सुई अक्सर गाड़ियों के धुएं पर टिक जाती है, लेकिन हम उस मौसमी कहर को कैसे भूल सकते हैं जो उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से का दम घोंट देता है? खेतों में जलती पराली ने अस्थमा के संकट को एक भयावह मोड़ दे दिया है। जब किसान भाई मजबूरन खेतों में आग लगाते हैं, तो वह काला धुआं सरहदों को नहीं पहचानता। वह धुआं स्मॉग बनकर हमारे घरों के ड्राइंग रूम तक घुस आता है, और तब सांस के मरीजों के लिए हर एक पल मौत से लड़ने जैसा होता है। विडंबना देखिए कि जिस मिट्टी से हमें अन्न मिलता है, उसी मिट्टी के ऊपर जलती आग हमारे मासूमों के फेफड़ों को झुलसा रही है। अगर आंकड़े देखें तो भारत में करीब 3 करोड़ से ज्यादा लोग अस्थमा से जूझ रहे हैं। सबसे भयावह तथ्य यह है कि दुनिया




भर में अस्थमा से होने वाली मौतों में लगभग 46 प्रतिशत मौतें अकेले भारत में होती हैं। भारत में अस्थमा मरीजों की तादाद उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी कि उनसे होने वाली मौतों का आंकड़ा, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

यह आंकड़ा डराने वाला कम और शर्मिंदा करने वाला ज्यादा है। यह बताता है कि हमारे यहां या तो बीमारी की पहचान बहुत देर से होती है, या फिर इलाज इतना महंगा और जटिल है कि आम आदमी की पहुंच से बाहर है। अस्थमा के साथ सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि इसके साथ एक सामाजिक कलंक जुड़ा है। आज भी कई माता-पिता यह स्वीकार करने को तैयार नहीं होते कि उनके बच्चे को दमा है। उन्हें लगता है कि इनहेलर की लत लग जाएगी। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि इनहेलर ही सबसे सटीक इलाज है क्योंकि यह सीधे प्रभावित नली पर काम करता है। दवाइयों की गोलियां पूरे शरीर में घूमकर असर करती हैं, जबकि इनहेलर सीधे फेफड़ों पर निशाना साधता है। समाज की इसी नासमझी और इलाज के डर ने इस बीमारी को घर-घर में घातक बना दिया है। प्रदूषण की मार केवल बाहर ही नहीं है, हमारे घरों के भीतर भी है। अगरबत्ती का धुआं, बंद कमरों की नमी और रसोई से निकलता धुआं ये सब अस्थमा के मरीजों के लिए साइलेंट किलर का काम करते हैं। इसके ऊपर से बढ़ती गर्मी और हीटवेव ने इस संकट को दोगुना कर दिया है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हवा में ओजोन का स्तर और धूल के कण बढ़ते हैं, जो सांस की नलियों में सूजन पैदा कर देते हैं। अब समय केवल जागरूकता का नहीं, बल्कि जवाबदेही का है।

सरकार को पराली प्रबंधन के ऐसे विकल्प देने होंगे जो किसान की जेब पर भारी न पड़ें, और सड़कों की धूल के लिए सख्त नियम बनाने होंगे। लेकिन क्या सिर्फ कानून काफी हैं? नागरिक के तौर पर हमें सोचना होगा कि हम सिर्फ एसी चलाकर गर्मी से तो बच रहे हैं, पर बाहर की हवा को और जहरीला नहीं बना रहे? क्या हम कूड़ा जलाने या बेवजह गाड़ियां दौड़ाने से पहले अपनी अगली पीढ़ी के फेफड़ों का ख्याल कर रहे हैं? हमें समझना होगा कि अस्थमा का इलाज सिर्फ महंगी दवाओं में नहीं है, बल्कि उस हवा में है जिसे हम और आप साझा करते हैं। यदि आज हमने अपनी जीवनशैली और पर्यावरण को लेकर सख्त कदम नहीं उठाए, तो आने वाली नस्लें हमें माफ नहीं करेंगी। दवाएं तो शायद मिल जाएं, लेकिन कुदरती और खुली सांसों का कोई विकल्प नहीं है। आखिर हमारी तरक्की का क्या मतलब, अगर वह हमें खुली हवा में सुकून से सांस लेने के लायक भी न छोड़े?

दिलीप कुमार पाठक

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त खबरें

### भगवामय पश्चिम बंगाल के लिए बंगाल की जनता का हृदय से आभार: डॉक्टर गीता रानी



वाराणसी(एजेंसी) : विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मातृ शक्ति प्रकोष्ठ डॉक्टर गीता रानी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र की विजय और हिन्दू विरोधियों की पराजय है' ममता बनर्जी की मुस्लिम परस्ती 15 साल के कुशासन का अंत हो गया।पश्चिम बंगाल के हिन्दू मतदाताओं ने अपने भारी मतदान से हिन्दू विरोधी राजनीतिक शक्तियों को करारा सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन हिंदुओं के लिए वरदान और जेहादियों - घुसपैठियों के लिए अभिशाप है। मैं पश्चिम बंगाल की जनता का हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं, बंगाल की सनातन प्रेमी जनता ने अपने वोटो से पश्चिम बंगाल को भगवामय में कर दिया है।

### गुजरात के उमरेठ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के हर्षद परमार जीते




आणंद, (एजेंसी) : गुजरात के आणंद जिले की उमरेठ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार हर्षदभाई गोविंदभाई परमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के भृगुराजसिंह चौहान को 30,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया।

निर्वाचन आयोग के अनुसार भाजपा उम्मीदवार हर्षदभाई गोविंदभाई परमार ने कुल 85500 मत पाकर जीत दर्ज की। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार भृगुराजसिंह चौहान को कुल 54757 वोट मिले। दोनों में जीत हार का अंतर 30743 वोट का रहा। तीसरे स्थान पर निर्दलीय उम्मीदवार महेंद्रभाई नटवरभाई परमार को मात्र 786 वोट मिले।

यह सीट तत्कालीन भाजपा विधायक गोविंद परमार के निधन के कारण खाली हुई थी। भाजपा ने उनके पुत्र हर्षदभाई को उम्मीदवार बनाया था, जिन्होंने पार्टी का गढ़ बरकरार रखा।

कांग्रेस उम्मीदवार भृगुराजसिंह चौहान ने अपनी हार स्वीकार करने के साथ ही ईवीएम पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी की आशंका है और हार का कारण ईवीएम में तकनीकी समस्या हो सकती है।

इस उपचुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जिसमें करीब 59.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। चुनाव मैदान में कुल 6 उम्मीदवार थे, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के हर्षदभाई परमार और कांग्रेस के भृगुराजसिंह चौहान के बीच था। उमरेठ सीट पर लगभग 2.45 लाख मतदाताओं के लिए प्रशासन द्वारा 306 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

### त्रिपुरा के धर्मनगर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा विजयी

अगरतला, (एजेंसी) : त्रिपुरा की धर्मनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए




हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत हासिल की है। भाजपा ने अपने निकटत्म प्रतिद्वंदी भाकपा (एम) को 18290 मतों से पराजित किया है।

चुनाव आयोग के अनुसार, मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे आरंभ हुई। धर्मनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार जहर चक्रवर्ती ने 24291 मत प्राप्त कर जीत हासिल की है। उन्होंने निकटत्म भाकपा (एम) उम्मीदवार अमिताभ दत्ता को कुल 6001 मत मिले। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार चयन भट्टाचार्य को मात्र 5936 मत ही मिले हैं। जबकि, नोटा पर 444 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।दिसंबर, 2025 में त्रिपुरा विधानसभा के पूर्व स्पीकर बिस्वा बंधु सेन के निधन के कारण यह उपचुनाव कराया गया। बीते, 9 अप्रैल को हुई वोटिंग में 79.84 प्रतिशत मतदाताओं ने हिस्सा लिया।

इस जीत के साथ, 60 सदस्यों वाली विधानसभा में इखढ की सीटों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जबकि उसके सहयोगी दलों में टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के पास 13 विधायक और इंडियन पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के पास एक विधायक है।

### नगालैंड के कोरिडांग विधानसभा उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार विजयी

कोहिमा, (एजेंसी) : नगालैंड के कोरिडांग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत हासिल की है। भाजपा ने अपने निकटत्म प्रतिद्वंदी को 3123 मतों से पराजित किया है। वहीं, राज्य की सत्ताधारी दल नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) ने इस चुनाव में अपना उम्मीदवार चुनाव में नहीं उतारा था।चुनाव आयोग के अनुसार, सोमवार को घोषित चुनाव परिणाम के तहत भाजपा उम्मीदवार दाओचिएर आई इमचेन ने 7317 मतों के साथ जीत हासिल की है। उन्होंने निकटत्म निर्दलीय उम्मीदवार तोशीकाबा को 4194 मत मिले थे। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार को मात्र 144 मत ही मिले हैं। मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे आरंभ हुई।उल्लेखनीय है कि, राज्य की सत्ताधारी पार्टी एनडीपीपी ने अपना उम्मीदवार चुनाव में नहीं उतारा था। एनडीपीपी भाजपा के साथ गठबंधन में राज्य में सरकार चला रही है।

# बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का महानगर कार्यालय पर भव्य जश्न

वाराणसी(एजेंसी) : पश्चिम बंगाल में दर्ज की गई अभूतपूर्व जीत का उत्साह भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग पर कार्यकताओं द्वारा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व में जीत का जश्न मनाया। सुबह से हीं कार्यकताओं का हुजूम कार्यालय पर जुटना शुरू हो गया था, जो दोपहर होते-होते हजारों की संख्या में तब्दील हो गया।

जीत का उल्लास ने कार्यालय का वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय कर दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा और महिला कार्यकर्ता जमकर थिरके। जीत की खुशी में सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की ,और पूरे परिसर को 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारों से गुंजायमान कर दिया। कार्यकताओं के बीच ₹जीत गए बंगाल दीदी हुई बेहाल₹ और ₹झालमुरी खाएंगे, बंगाल में सरकार बनाएंगे₹ जैसे नारे विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे।



इस ऐतिहासिक अवसर पर महानगर अध्यक्ष और महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल कटआउट को सांकेतिक रूप से रसगुल्ला और लड्डू तथा झालमुरी खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की। इसके पश्चात घंटों तक जोरदार आतिशबाजी की गई, जिसने जीत के जश्न को और अधिक भव्य बना दिया।

इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा₹यह जीत केवल भारतीय जनता पार्टी की नहीं, बंगाल के जनता की जीत है। हमारे कार्यकताओं के कठिन परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर बंगाल की जनता ने मुहर लगाई है। आज बंगाल में लोकतंत्र की विजय हुई है । और सही मायने में मोदी जी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हुआ है।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, प्रेम कपूर, महापौर अशोक तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अशोक पाण्डेय, दक्षिणी विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ,आरपी कुशवाहा , सुभाष गुप्ता, चंद्रशेखर उपाध्याय ,राहुल सिंह, आत्मा विश्वेश्वर ,मधुकर चित्रांश, अभिषेक मिश्रा, अशोक पटेल ,विनोद गुप्ता ,महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल, वीणा पाण्डेय ,आशा गुप्ता, पूजा दीक्षित ,शालिनी यादव ,चंद्रलेखा मौर्य ,विभव सिंह, रीना पात्रों, नेहा कक्कड , निर्मला सिंह पटेल ,गीता शास्त्री ,साधना वेदांती ,डॉ रचना अग्रवाल, रत्ना वर्मा ,मंजू सिंह, सपना सिंह, नरसिंह दास ,संतोष चौरसिया, अशोक मिश्रा, कुंवरकांत सिंह, जेपी सिंह,रं रणजय सिंह, अखिलेषेंद्र सिंह सनी ,अवधेश राय ,संजय कुमार ,प्रमोद यादव मुन्ना ,योगेश वर्मा, राकेश जायसवाल, अनिल उपाध्याय, रजत जायसवाल , विनय सिंह, रतन नारायण सिंह,अवनीश पाण्डेय ,विनोद चौहान, शैलेंद्र सिंह, चंदन जायसवाल ,अनिल गुप्ता,दीपक राय, अनिल तिवारी, मनोज सोनकर, पुन्नूलाल बिंद, राजेंद्र सिंह पटेल, दिलीप चौहान,सिंधु सोनकर, शत्रुघ्न पटेल, आरती पाठक ,सीमा यादव ,गुड़िया देवी ,निशा श्रीवास्तव ,सोनी सिंह ,पूनम जायसवाल, अजय गुप्ता,पंकज चतुर्वेदी, अशोक कुमार पाण्डेय, प्रमील पाण्डेय आदि रहे।

## सुशासन और जीरो टॉलरेंस पर जोर, एनडीए नेता रघु मिश्रा ने चौक थाने का किया दौरा

वाराणसीः हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रघु मिश्रा ने रविवार को शहर के ऐतिहासिक चौक थाने का भ्रमण कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्र से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की और कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान रघु मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति आज सुशासन का पर्याय बन चुकी है। उन्होंने काशी में पुलिस प्रशासन की सक्रियता और मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि इससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि एनडीए गठबंधन की डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सु-



रक्षा और सम्मान पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करती रहेगी।

## लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली, (एजेंसी) :लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने आज उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पर पोस्ट कर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और सार्वजनिक जीवन का सुदीर्घ अनुभव राष्ट्र के लिए महती उपयोगी है। उत्तम स्वास्थ्य, प्रफुल्लित जीवन और दीघार्यु की कामना करता हूं।केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उपराष्ट्रपति सी.पी. को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राधाकृष्णन संसदीय प्रक्रियाओं की उनकी गहन समझ और सार्वजनिक



जीवन का व्यापक अनुभव विकसित भारत के लिए हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में प्रचुर योगदान दे रहा है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर यश व ऊर्जा की प्राप्ति हो, यही प्रार्थना है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में आपकी शुचिता तथा उच्च संसदीय आदर्शों के प्रति आपका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भगवान मुरुगन से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की प्रार्थना करती हूं।केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उपराष्ट्रपति को बधाई देते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति आपकी निष्ठा और राष्ट्र निर्माण में आपका समर्पित योगदान हम सभी के लिए निरंतर प्रेरणास्रोत है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उपराष्ट्रपति को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विशेष अवसर आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य, निरंतर ज्ञान और विशिष्टता के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए नई शक्ति लाए।साथ ही कई केंद्रीय मंत्रियों, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने बधाई दी। उन्होंने उपराष्ट्रपति के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

## छत्तीसगढ़ में बेकाबू कार नदी में गिरी, चार युवकों की मौत और दो गंभीर

रायपुर, (एजेंसी) : छत्तीसगढ़ के कवर्धा (कबीरधाम) जिले में 3 और 4 मई की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पांडातराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंडई गांव के पास फोक नदी में एक बेकाबू कार गिरने से चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, सभी युवक रायपुर के बिरगांव इलाके के निवासी थे और पंडरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी की रस्में पूरी करने के बाद वे टाटा टियागो कार (उऋ10 अर 1082) से वापस रायपुर लौट रहे थे। इसी दौरान गंडई गांव के पास फोक नदी के पुल पर उनकी कार तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी।

पांडातराई थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह अत्यधिक तेज रफ्तार है। पुल के पास एक तीखा मोड़ है, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे नदी में गिर गई।

हादसे के समय कार में कुल 6 लोग सवार थे। मृतकों की पहचान अरमान खान, सौंफ, अनस और कौनेन के रूप में हुई है। वहीं, जुनैद रजा और आरजू खान गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें पहले जिला अस्पताल कवर्धा ले जाया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया।

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद पंडरिया स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों के साथ झालमुड़ी और रसगुल्ला के साथ मनाया भाजपा की जीत का जश्न

नई दिल्ली, (एजेंसी) : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में पश्चिम बंगाल सहित विधानसभा चुनावों के पार्टी पक्ष में आ रहे रुझानों के दौरान आज ह्यझालमुड़ीह्न और ह्यरसगुल्लाह्न के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने साथी मंत्रियों को ह्यझालमुड़ीह्न और ह्यरसगुल्लाह्न खिला कर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जश्न मनाया।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट



करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की झालमुड़ी, रसगुल्ले की मिठास और भाजपा की जीत जश्न मुख्यमंत्री और अपने सहयोगियों के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने यह ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। यह जीत उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। सूद ने कहा कि यह विजय जनता के विश्वास, समर्पण और विकास के संकल्प की जीत है।

लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने इंडी गठबंधन की हकीकत देश के सामने रख दी है। बंगाल की जनता ने हिंसा, अराजकता और तुष्टिकरण की राजनीति को सिरे से नकार दिया है। यह जनादेश विकास, स्थिरता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रमाण है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बंगाल के लोग बेहद बहादुर और सूझबूझ वाले हैं। वे कभी भी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेते, बल्कि सोच-समझकर निर्णय करते हैं और इस बार भी उन्होंने वही किया है। बंगाल की जनता जानती है कि राज्य के विकास और स्थिरता के लिए भाजपा ही एक सार्थक विकल्प है और वही असली बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि यहां के जो हालात बिगड़े हुए हैं, उन्हें सुधारने का भरोसा अब भाजपा की सरकार से है।

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि सनातन विरोधियों की पराजय हुई, जनादेश स्पष्ट है कि हिंदुओं का अपमान करके कोई सत्ता में नहीं रह पाएगा।

# उत्तर प्रदेश में हुए सड़क हादसों में 18 लोगों की मौत, 27 घायल

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने हादसों पर जताया दुख**

लखनऊ, (एजेंसी) :उत्तर प्रदेश में सोमवार का दिन सड़क हादसों के लिहाज से बहुत दुःखद रहा। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हुए हादसों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27 लोग घायल हैं। अंबेडकर नगर में हुए दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, वहीं जालौन में अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की जान चली गई। इसके अलावा रायबरेली, बुलंदशहर, बस्ती और फतेहपुर जिले में हुए दुर्घटनाओं में एक-एक लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दुर्घटनाओं में हुई जनहानि पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए।

जालौन जिले के झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर कालपी कोतवाली क्षेत्र के 84 गुंबद नामक स्थान के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार टवेरा कार ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। ये सभी अयोध्या से दर्शन करके वापस लौट रहे थे। मृतकों में ललितपुर के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत




नायक, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी शामिल हैं। अन्य चार घायल हैं। प्राथमिक जांच में चालक को नींद आना हादसे का कारण नजर आ रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।इसी तरह अंबेडकरनगर जिले के जलालपुर थाना इलाके में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो भाई समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मृतकों की पहचान कर ली। मृतकों में अंबेडकरनगर के लोरपुर ताजन/सैदापुर निवासी कैफी (32), सेमरा कटका निवासी उत्तम कुमार (24), जैनापुर निवासी आदित्य कुमार (25) उसका भाई दिव्यांशू (22), पट्टी मुइथन निवासी लालचंद (24), सिकंदरपुर सम्मनपुर निवासी राजू गुप्ता (32), साहिल (28) और इंद्रेश (30) शामिल हैं।रायबरेली जनपद में सलोन थाना क्षेत्र से गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ़्तार लोडर ने रविवार की देर रात एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों में सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान ऊंचाहार के इंदर का पुरवा मजरे मिजार्पुर ऐहारी निवासी मनोज पाल (35) के रूप में की है। ट्रैक्टर पर बैठे प्रकाश नारायण मिश्रा, शिवकुमार पाल, अंकेश कुमार रैदास और पिकअप सवार पंजाब के पटियाला निवासी नरमजीत और शत्रु गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरह बस्ती जिले के रूधौली थाना क्षेत्र स्थित विशुनपुरवा चौकी के पास सोमवार को तेज रफ्तार डंपर ने सड़क पर चल रहे तीन टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार ओमप्रकाश की मौत हो गई, जबकि 15 सवारियां घायल हैं। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। भीड़ ने डंपर चालक को पकड़कर पीटने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके अलावा फतेहपुर के खखरेरू थाना क्षेत्र स्थित दामपुर रोड पर रविवार की देर रात दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बब्लू की मौत हो गई। वहीं, राजू, मोनू, गुड़िया घायल है, जिन्हें अस्पताल भिजवाया गया।

05-05-2026 T.P. Page 8_Layout 1 05-05-2026 07:46 Page 1



# हिस्टीरिया

## प्राकृतिक उपचार से लें स्वास्थ्य लाभ



हिस्टीरिया रोग मुख्यत: मासिक धर्म की गड़बड़ी के कारण होता है और मासिक धर्म के दिनों में ही इसके दौरे अधिक पड़ते हैं। कभी-कभी तो एक के बाद एक कई दौरे साथ-साथ पड़ जाते हैं। इसकी अवस्था भी कुछ-कुछ मिरगी के दौरे जैसी ही होती है। हिस्टीरिया का आरंभिक और साधारण दौरा रोगी स्त्री के पैरों को ठंडे पानी से धोने से कुछ ही क्षणों में दूर हो जाता है। संतान-सुख से भी यह रोग दूर होते देखा गया है। हिस्टीरिया रोग से ग्रस्त रोगी महिला को बेहोशी दूर करने के लिए चेहरे पर ठंडे पानी के छींटे मारने चाहिए अथवा मेरुदंड पर भीगा कपड़ा रखने से भी बेहोशी टूट जाती है। इस रोग से बचने के लिए अपने भोजन में सुधार लाना आवश्यक है। साथ ही पैरों का गरम स्नान, धूप-स्नान व कटि-स्नान से यह रोग चला जाता है और यही इसकी प्राकृतिक चिकित्सा है।

# एंटीबायोटिक्स के साइड इफेक्ट



एंटीबायोटिक कई खाद्य पदार्थों, खासकर पशुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों में मिल सकते हैं, क्योंकि बीमारियों से बचाने के लिए पशुओं को काफी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं खिलाई जाती हैं। एंटीबायटिक दवाओं का एक आम दुष्परिणाम यह होता है कि रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया के साथ-साथ वह आंतों में मौजूद ऐसे बैक्टीरिया को भी मार देता है, जो हमारे लिए फायदेमंद होते हैं। इसीलिए अक्सर इन दवाओं को लेने से पेट में गड़बड़ी या दस्त जैसी शिकायतें हो जाती हैं। एंटीबायोटिक दवाएं निश्चय ही बहुत फायदेमंद हैं और जबसे चिकित्सा विज्ञान में आई हैं, तबसे इस क्षेत्र में क्रांति हो गई है। कई भयानक संक्रमण जो पहले लाइलाज थे, इनकी वजह से ठीक हो जाते हैं। सर्जरी भी इनकी वजह से बेहद सुरक्षित हो गई है, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल के पीछे यह विचार है कि सूक्ष्मजीव हमारे दुश्मन हैं और उन्हें मार डालना जरूरी है। लेकिन हम हमारे शरीर में मौजूदा सहजीवी सूक्ष्म जीवों की भूमिका को समझें और एंटीबायोटिक दवाएं तभी लें, जब सचमुच उनकी जरूरत हो।

# याददाश्त तेज करना हो तो करें नियमित ब्रश

**सुबह बिस्तर छोड़ते ही हमारा सबसे पहला काम ब्रश करना ही होता है। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक दांतों की सफाई व ताजगी के लिए ब्रश करना हमारी जिंदगी का एक अहम् हिस्सा बन चुका है।**

**हाल में** किए एक शोध में बताया गया है कि वयस्कों द्वारा अपने दांतों की उचित देखभाल करना यानी नियमित रूप से ब्रश करना याददाश्त बनाए रखने में मददगार साबित होता है।

- पहले के शोधों में भी दांतों की साफ-सफाई न रखने को डिमेंशिया (याददाश्त कम होना) समेत हृदयरोग, स्ट्रोक व डायबिटीज के लिए जिम्मेदार बताया गया था।
- न्यूयार्क के कोलंबिया कॉलेज के शोधकर्ताओं के मुताबिक मसूढ़ों की बीमारी मस्तिष्क की क्रियाविधि को प्रभावित करने के साथ पूरे शरीर में जलन पैदा करती है।
- शोध में 60 साल व उससे ज्यादा उम्र के लोगों को शामिल किया गया। जिन लोगों में मसूढ़ों की बीमारी के लिए जिम्मेदार पैथोजन ज्यादा पाया गया, उनमें याददाश्त संबंधी दिक्कतें देखी गईं।

## क्या कहती है रिपोर्ट ?

'जर्नल ऑफ न्यूरोलाजी, न्यूरोसर्जरी एंड साइकाइट्री' में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक करीब 2400 पुरुषों व महिलाओं पर किए गए शोध में दांतों की बीमारियों को याददाश्त पर प्रभाव डालने वाला पाया गया। दांतों की बीमारी से पीड़ित 5.7 फीसदी लोगों को याददाश्त की सामान्य समस्या देखी गई, जबकि 6.5 फीसदी लोगों को री-काल (दोबारा याद करना) व 22.1 फीसदी लोगों में लगातार भूलने की परेशानी देखी गई।

# क्या हैं स्वास्थ्य के स्वस्थ आयाम





**स्वास्थ्य हमारे शरीर, मन, मस्तिष्क, समाज और अध्यात्म से भी जुड़ा हुआ है। अतः हमें स्वास्थ्य के सभी आयामों के प्रति सचेत रहना चाहिए।**

**स्वास्थ्य** मानव जीवन का मूल आधार है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का भी निवास हो सकता है। इसलिए स्वास्थ्य की परिभाषा स्पष्ट होना चाहिए।

प्राय: यह कहा जाता है कि वह व्यक्ति स्वस्थ है, जो किसी प्रकार की बीमारी से मुक्त है। लेकिन वास्तविक रूप से यह सही नही है, क्योंकि स्वास्थ्य शब्द का क्षेत्र काफी विस्तृत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य के जिन तीन आयामों की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, उसमें पहला भौतिक स्वास्थ्य, दूसरा मानसिक स्वास्थ्य और तीसरा सामाजिक स्वास्थ्य है।

## आध्यत्मिक स्वास्थ्य

हम लोग मूलत: स्वास्थ्य का तात्पर्य शारीरिक स्वास्थ्य या भौतिक स्वास्थ्य ही मानते हैं, जिसका निर्धारण विभिन्न प्रकार की जांच के द्वारा तय की जाती है अर्थात कोई व्यक्ति कितना स्वस्थ है, इस बात की जांच उसके शरीर में पाए जाने वाली विभिन्न बीमारियों या उनके वाहकों की जांच करके बताई जाती है और इसके बाद उससे बचने के उपाय और नुस्खों के पालन की बात आती है।

## मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य

जिस प्रकार मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के निर्धारण का कोई मानदंड नहीं तय किया गया है। उसी प्रकार आध्यात्मिक स्वास्थ्य की चर्चा भी प्राय: बिरले लोग ही करते हैं।

## मुख्य कारण

**इस पर कभी भी सम्मिलित रूप से चर्चा करना मुनासिब नही समझा गया है और सरकार के साथ साथ ही सामाजिक बुद्धिजीवी वर्गों ने भी इस पर विशद चर्चा नहीं की है।**



## शारीरिक स्वास्थ्य

आज पूरी दुनिया के सभी देश अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग हैं और हर संभव सहायता उपलब्ध करा कर स्वास्थ्य के प्रति जवाबदेह रहने के लिये प्रेरित करते रहते हैं। लेकिन विकसित देशों को छोड़ दिया जाए, विकासशील देशों में स्वास्थ्य आज भी एक समस्या बनी हुई है। कुपोषण, अभाव, अशिक्षा, अज्ञानता, सम्पत्ति का असमान वितरण इत्यादि इसके मुख्य कारण हो सकते हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लाभ गरीब लोगों को नही मिल पा रहा है और लोगों का कल्याण बीच में ही रह जाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सुधार के लिए इन सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना अत्यंत ही अनिवार्य है।

## मानसिक स्वास्थ्य की गिरावट

हमारे देश मे अमीर और अमीर और गरीब और गरीब होता जा रहा है। यही हमारे प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की गिरावट की पहचान है। हमारे मानसिक स्वास्थ्य की दशा को सुधारने के लिए हमें स्वयं सजग रहना पड़ेगा और दूसरों की भी गिरती हुई मानसिकता को सहारा देना होगा।

## सामाजिक स्वास्थ्य

सामाजिक स्वास्थ्य की कमी प्राय: हमारे यहां नहीं है। कुछ समस्याओं को छोड़ कर यहां सभी धर्म, जाति, समुदाय, पंथ के लोग एक साथ सदियों से रह रहे हैं। इक्के-दुक्के अपवादों को छोड़ कर हमारा सामाजिक स्वास्थ्य समरस और बेमिसाल माना जा सकता है। इसमें हमारे पूर्वजों द्वारा दिया गया आध्यात्मिक ज्ञान, धार्मिक उपदेशों और हमारी एकता ही इसे सुस्पष्ट बनाती है। अत: हमारा आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी अपेक्षाकृत बेहतर है।

## स्वस्थ समाज

हमारे समाज के भौतिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने की आवश्यकता है, जब तक स्वास्थ्य के सभी आयामों पर खरे नही उतरते, तब तक स्वस्थ समाज की कल्पना करना व्यर्थ है।

# आत्मविश्वास से पाएं खुशियां हजार

**इंसान अपने जीवन में संपूर्ण संतुष्टि तब महसूस करता है, जब उसके अंदर छिपे हुए दो गुण प्रकट होते हैं। जब तक ये गुण प्रकट नहीं होते, तब तक इंसान अपने भीतर खालीपन और कमी महसूस करता है।**



**जिस** तरह कोई फिल्म जब तक रिलीज नहीं होती, तब तक उस फिल्म के कलाकार और निर्देशक संतुष्टि महसूस नहीं करते, उसी तरह हमारे अंदर छिपे हुए ये दो गुण जब तक पूरी तरह से प्रकट नहीं होते, तब तक हम अपने आपको अधूरा महसूस करते हैं। ये दो गुण कौन से हैं? ये दो गुण हैं - विश्वास और प्रेम। विश्वास अगर प्रकट न हो तो हमारे जीवन में कोई खुशी नहीं आती। प्रेम अगर प्रकट न हो तो हमारे हृदय में कोई सुखद भावना नहीं रहती। विश्वास से प्रेम जगाया जा सकता है, प्रेम से विश्वास पाया जा सकता है। दोनों एक दूसरे की मदद करते हैं। ईश्वर पर विश्वास, भक्ति को जगाने में काम आता है। ईश्वर की भक्ति अटूट विश्वास पैदा करने में आपकी मदद करती है।

## चमत्कार द्वारा बीमारियों से मुक्ति

विश्व में बहुत से चमत्कार होते हुए देखे गए हैं। लोग विशेष स्थानों पर जाकर बीमारियों से मुक्ति प्राप्त करके लौटते हैं। वह स्थान कोई पहाड़ हो, मंदिर, चर्च, दरगाह, गुरुद्वारा या जंगल हो, लेकिन विश्वास प्रकट करने में वह स्थान मदद करता है। इन स्थानों पर लोगों की मन्नतें पूरी होती हैं, जिसका कारण विश्वास ही है।

## शक्तिशाली तरंग विश्वास

विश्वास विश्व की सबसे शक्तिशाली तरंग है। इस तरंग में तरंगित होकर इंसान का शरीर खिल जाता है। इस तरंग में भय और चिंता की नकारात्मक तरंगें नष्ट हो जाती हैं। जीजस ने अपने जीवनकाल में जितने भी चमत्कार किए, उसके पीछे आत्मविश्वास की शक्ति काम कर रही थी। जीजस ने लाइलाज लोगों से यही कहा कि 'यदि तुम ठीक होने का आत्मविश्वास रखते हो तो यह विश्वास तुम्हें ठीक कर देगा।'

## सीखनी होगी शक्ति प्रकटीकरण कला



विश्वास में यदि इतनी शक्ति है कि हम रोग मुक्त हो सकते हैं, जो चाहें वह पा सकते हैं तो हमें यह शक्ति प्रकट करने की कला सीखनी होगी। इस शक्ति से आप दुनिया की सभी चीजें, सफलताएं प्राप्त करेंगे ही, साथ में तेज प्रेम प्रकट करके अपना बंद हृदय ईश्वर के लिए खोल भी पाएंगे। जब यह होगा, तब आपको किसी और चीज की आवश्यकता नहीं होगी। आपका जीवन आनंद की अभिव्यक्ति में बहकर महाजीवन बनेगा। आत्मविश्वास की यह शक्ति अप्रकट रखकर आप बहुत सीमित व दुखद जीवन जीते हैं। बिना विश्वास के जीवन अनुमानों व शंकाओं से भरा रहता है। नकारात्मक शंकाओं से विश्वास टूटने लगता है और उस विश्वास का स्थान डर ले लेता है। आत्मविश्वास से भरा हुआ इंसान खुलकर जीता है और खुलकर देता है।

## जगाएं विश्वास

अविश्वास में इंसान हमेशा देने से घबराता है और अभाव की स्थिति में जीता है। वह नफरत और द्वेष का तुरंत शिकार हो जाता है। इसलिए अपने आपमें विश्वास की शक्ति जगाएं और सफलता की पहली नींव डालें।

### मनन करें कि

- हर इंसान का मन एक आम जैसा है, जिसके एक सड़े हुए भाग को तोलू मन कहा गया है।
- हर अविश्वासी इस मन से परेशान है और हर विश्वास इस मन का मालिक है।
- जब तक मन में विश्वास नहीं जगता, तब तक कामयाबी नहीं मिलती।
- विश्वास में इतनी शक्ति है कि हम हर रोग से मुक्त हो सकते हैं।
- विश्व का हर पवित्र स्थान आपके अंदर का विश्वास प्रकट करने के लिए मदद करता है।
- विश्वास से विकास और विकास से विश्वास का विकास होता है।
- विश्वास से प्रेम जगाया जा सकता है, प्रेम से विश्वास पाया जा सकता है।
- पवित्र मन, प्रेम और विश्वास से इंसान संपूर्ण जग जीत सकता है।
- मन विश्वास में नहाकर दोष-मुक्त हो जाता है।